व्यंतर, ज्योतीषी, सौधर्म देवलोकसे यावत आठवां सहस्त्र देवलोकके देवता, पांच स्थावर, तीन वैकलेन्द्रिय, तीर्यच पांचेन्द्रिय स्थानके जीव मरके तीर्यंच पांचेद्रियमें ज० अन्तरमहुर्त और मनुष्य इतने उ० क्रोडपूर्वकि स्थितिमें उत्पन्न होते है। जिस्में प्रथम रत्नप्रभा नरकेके नेरिया मरके तीर्यंच पांचेद्रियमें ज० अन्तरमहुर्त उ० क्रोडपूर्वकि स्थितिमें उत्पन्न होते हैं. जिस्की ऋद्धि इस माफीक है।

(१) उत्पात-रत्नप्रभा नरकसे।

(२) परिमाण-एक समयमे १-२-३ उ० संख्य असंख्य।

(३) संहनन-छे संहननसे असंहनन अनिष्ट पुद्गल।

(४) अवागहाना-भवधारणी ज० अंगु० असं० भाग० उ० ७॥। धनुष्य ६ अगुल० उत्तर वैक्रय ज० अंगु० संख्य० भाग० उ० १५॥ धनु० १२ अंगुल यह सर्व भवापेक्षा है।

(५) संस्थान० भवधारणी तथा उत्तरवैक्रय एकहुन्डक संस्थान।

(६) लेश्या एक कापोत (७) दृष्टी तीनों।

(८) ज्ञान, तीन ज्ञानकि नियमा तीन अज्ञानकि भजना।

(९) योग तीनों (१०) उपयोग दोनों (११) संज्ञाच्यारों।

(१२) कषाय च्यारों (१३) इन्द्रि पांचोवाला।

(१४) समुद्घात च्यार क्रमःसर।

(१५) वेदना साता असाता (१६) वेद एक नपुंसक।

(१७) स्थिति ज० १०००० वर्ष उ० एक सागरोपम।

(१८) अनुबन्ध स्थिति माफीक।

(१९) अध्यवसाय असंख्याते प्रसस्थ अप्रसस्थ।

(१०) संभहो—भवापेक्षा ज० दोय भव उ० आठ भव कालापेक्षा ज० दशहजार वर्ष अन्तरमहुर्त उ० च्यार सागरोपम च्यार क्रोड पुर्व अधिक इतना कालतक गमनागमन करते हैं जिस्का नौ गमा ।

(१) ओघसे ओघ० ज० दशहजार वर्ष अन्तर महुर्त उ० च्यार सागरोपम और च्यार कोडपूर्व अधिक ।

(२) ओघसे जघन्य, दश हजार० अन्तमहुर्त उ० च्यार सागरोपम च्यार अन्तरमहुर्त ।

(३) ओघसे उत्कृष्ट—दशहजार० कोडपूर्व उ० च्यार कोडपूर्व च्यार सागरोपम ।

(४) जघन्यसे ओघ० दश हजार अन्तरमहुर्त उ० चालीस हजार वर्ष और च्यार कोडपूर्व ।

(५) ज०से ज० दशहजार वर्ष अन्तरमहुर्त उ० चालीस हजार वर्ष और च्यार अन्तर महुर्त ।

(६) ज० से उत्कृष्ट, दशहजार वर्ष कोडपूर्व उ० चालीस हजार वर्ष और च्यार कोडपूर्व ।

(७) उ० से ओघ, एक सागरोपम अन्तरमहुर्त उ० च्यार सागरोपम और च्यार कोड पुर्व ।

(८) उ०से जघन्य, एक सागरोपम अन्तरमहुर्त उ० च्यार सागरोपम और च्यार अन्तर महुर्त ।

(९) उ० से उ०, एक सागरोपम एक क्रोडपूर्व उ० च्यार सागरोपम और च्यार कोडपूर्व ।

मध्यम गमा तीन ४–५–६ जिस्मे स्थिति तथा अनुबन्ध जघन्य उत्कृष्ट दश हजार वर्षका है ।

उत्कृष्ट गमा तीन ७–८–९ जिस्मे स्थिति तथा अनुबन्ध जघन्य उत्कृष्ट एक सागरोपमका है ।

एवं छटी नरक तक परन्तु अवगाहाना लेश्या स्थिति अनुबन्ध अपने अपने स्थानकि कहना गमा सब स्थानपर अपति २ स्थितिसे लगा लेना शेष रत्नप्रभा नरकवत समझना ।

सातवी नरकके नैरिया मरके तीर्यंच पांचेन्द्रियमें ज० अंतर महुर्त उ० क्रोडपूर्व कि स्थितिमें उत्पन्न होते है जिस्के ऋद्धिके २० द्वार रत्नप्रभाकि माफीक परन्तु अवगाहाना भव धारिणी ज० अंगुलके असंख्याते भाग उ० ५०० धनुष्य उत्तर वैक्रय ज० अंगु० संख्यातमें भाग उ० १००० धनुष्य लेश्या एक कृष्ण स्थिति ज० २२ सागरो० उ० ३३ सागरोपमकि अनुबन्ध स्थिति माफीक । भवापेक्षा ज० दोय भव उ० ६ भव करे । कालापेक्षा ज० बावीस सागरोपम अन्तरमहुर्त अधिक उ० छासट (६६) सागरोपम तीन क्रोडपूर्व अधिक । यह प्रथमके ६ गमाकि अपेक्षा है और ७–८–९ इस तीन गमाकि अपेक्षा ज० दोय भव उ० च्यार भव करे कारण सातवी नरकके उ० दोय भवसे अधिक न करे । कालापेक्षा ज० तेतीस सागरोपम अन्तर महुर्त, उ० ६६ सागरोपम दोय क्रोडपूर्व अधिक नौ गमाका काल पूर्ववत् लगा लेना (सुगम है ।)

पृथ्वीकाय मरके तीर्यंच पांचेन्द्रियमें ज० अन्तर महुर्त उ० क्रोडपूर्वकि स्थितिमें उत्पन्न होते है जिस्की ऋद्धिके २० द्वार ।

(१) उत्पन्न—पृथ्वी कायासे ।

(२) परिमाण—एक समयमें १—२—३ संख्या० असंख्या ।

(३) संहनन—एक छेवटा संहननवाला ।

(४) अवगाहाना ज० उ० अंगुलके असंख्यातमें भाग ।

(५) संस्थान—एक हुन्डक (चन्द्राकार ।)

(६) लेश्या—च्यार—कृष्णा, निल, कापोत, तेजस लेश्या ।

(७) दृष्टि—एक मिथ्यात्व दृष्टीवाला ।

(८) ज्ञान—ज्ञान नही किन्तु अज्ञान दोयवाला ।

(९) योग—एक कायाका (१०) उपयोग दोनोंवाला ।

(११) संज्ञा—च्यारोवाला (१२) कषाय च्यारोवाला ।

(१३) इन्द्रिय एक स्पर्शेंद्रियवाला ।

(१४) समुद्घात तीन वेदनि, कषाय, मरणांतिक ।

(१५) वेदना, साता असाता, (१६) वेद एक नपुंसक

(१७) स्थिति ज० अन्तर महुर्त उ० २२००० वर्षवाला

(१८) अनुबंध स्थिति माफीक समझना

(१९) अध्यवसाय, असंख्याते, प्र० अप्रसस्थ.

(२०) संभ हो. भावादेशेणं ज० दोयभव उ० आठ भव करे । कालापेक्षा ज० दोयअन्तरमहूर्त, उ० च्यार कोडपुर्व और ८८००० वर्ष इतने काल तक गमनागमन करे । जिस्का गमा ९ पृथ्वीकायेके उदेशामें तीर्यच पांचेद्रिय उत्पन्न समय ९ गमा कह आये हैं उसी माफीक समझना। एवं अपकाय, तेउकाय, वायुकाय वनास्पतिकाय, वेद्रिंय, तेद्रिंय, चौरिंन्द्रिय भी समझना ऋद्धिके

२० द्वार अपने अपने स्थानसे और नौ गमा अपने अपने कालसे लगा लेना, पृथिव्यादिके स्थानमें प्रथम तीर्यंच पांचेंद्रिय गमा था इसी माफीक यहा भि समझ लेना ।

तीर्यंच पांचेंद्रियका दंडक एक है परन्तु इस्में (१) संज्ञी तीर्यंच पांचेंद्रिय (२) असंज्ञी तीर्यंच पांचेंद्रिय, जिस्मे भि संज्ञी तीर्यंच पांचेंद्रियका दोय भेद है (१) संख्याते वर्षवाले (कर्मभूमि) (२) असंख्याते वर्षवाले युगलीया। यहांपर वीसवादंडक समुच्चय तीर्यंच पांचेंद्रियका चल रहा है जिस्मे च्यारों भेद समझ लेना, संज्ञी, असंज्ञी, कर्मभूमि, अकर्मभूमि.

असंज्ञी तीर्यंच पांचेन्द्रिय मरके तीर्यंच पांचेन्द्रियके दंडकमें ज० अन्तरमहुर्त उ० पल्योपमके असंख्यातमें भागकि स्थितिमें उत्पन्न होता है। ऋद्धिके २० द्वार जैसे पृथ्वीकायमें उत्पन्न समय कहा था इसी माफीक समझना। भवापेक्षा ज० दोय भव० उ० दोयभव० कालापेक्षा ज० दोय अन्तरमहुर्त उ० पल्योपमके असंख्यातमें भाग और कोडपूर्व जिस्के गमा नौ इस मुजब ।

(१) गमे भव ज० दोय० उ० २ काल ज० दोय अन्तरमहुर्त, उ० पल्यो० असं० भाग और कोडपूर्व.

(२) गमे—भव ज० दोय० उ० ८ काल ज० दोय अन्तर उ० च्यार कोडपूर्व और च्यार अंतरमहुर्त ।

(३) गमे—परिमाणादि रत्नप्रभावत्, भव ज० उ० २ काल ज० पल्यो० असं० भाग अन्तरमहुर्त, उ० पल्योपमके असंख्यातमें भाग और कोडपूर्व अधिक ।

(४) गमें पृथ्वीवत्, भव ज० दोय उ० आठ काल ज० दोय अंतरमहुर्त उ० च्यार कोडपूर्व और च्यार अंतरमहुर्त।

(५) गमें चोथावत् काल उ० आठ अन्तरमहुर्त।

(६) गमें चोथावत् काल ज० कोडपूर्व अन्तरमहुर्त उ० च्यार कोडपूर्व च्यार अन्तरमहुर्त।

(७) गमें पृथ्वीवत् भव ज० उ० दोयभव काल ज० कोडपूर्व अन्तरमहुर्त उ० पल्योपमके असंख्यातमें भाग और कोडपूर्व।

(८) गमें पृथ्वीवत् भव ज० दोय उ० आठ, काल कोडपूर्व अन्तरमहुर्त उ० च्यार कोडपूर्व और च्यार अन्तरमहुर्त।

(९) गमें भव ज० उ० दोय काल ज० पल्योपमके असंख्याते भाग और कोडपूर्व एवं उत्कृष्ट। शेष ऋद्धि समुच्चयवत्।

संज्ञी तीर्यंच पांचेन्द्रिय संख्याते वर्षवाला जो तीर्यंच पाचेन्द्रियमें ज० अन्तरमहुर्त उ० तीन पल्योपमकि स्थितिमें उत्पन्न होता है, कारण ज० स्थिति कर्मभूमिमें और उत्कृष्ट स्थिति युगलीयोंकि समझना। ऋद्धिके २० द्वार जेसे संख्याता वर्षवाला संज्ञी तीर्यंच पांचेन्द्रिय रत्नप्रभा नरकमें उत्पन्न होते समय कही है इसी माफीक समझना। और नौ गमा इस माफीक।

(१) गमें भव ज० दोयभव उ० दोयभव काल ज० दोय अन्तरमहुर्त उ० तीन पल्योपम और कोडपूर्व परन्तु अवगाहाना ज० अंगुलके असंख्यातमें भाग उ० १००० जोजनकि।

(२) दुजे गमें भव ज० दोय उ० आठ काल ज० दोय अन्तरमहुर्त उ० च्यार कोडपूर्व और च्यार अन्तरमहुर्त।

(३) गमें ज० उ० तीन पल्योपमकि स्थितिमें उत्पन्न होवे परिमाण १-२-३ उ० संख्याते जीव उत्पन्न होते है। अवगाहाना पूर्ववत् भव ज० दोय उ० दोय भव करे काल ज० अन्तर महुर्त और तीन पल्योपम उ० तीन पल्योपम और कोडपूर्व।

(४-५-६) इस तीन गमाकि ऋद्धि तीर्यंच पांचेन्द्रिय जो पृथ्वीकायमें गया था उस माफीक भव ज० दोयभव उ० आठ भव करे काल चोथे गमें अन्तरमहुर्त कोडपूर्व उ० च्यार अन्तर महुर्त और च्यार कोडपूर्व, पांचवे गमें ज० दोय अन्तरमहुर्त उ० आठ अन्तरमहुर्त, छटे गमें कोडपूर्व और अन्तरमहुर्त उ० च्यार कोडपूर्व और च्यार अन्तरमहुर्त।

(७) सातवे गमें ज० उ० कोडपूर्ववाला जावे भव ज० उ० दोय करे काल ज० कोडपूर्व और अन्तरमहुर्त उ० तीन पल्योपम और कोडपूर्व।

(८) गमें भव ज० दोय० उ० आठ भव काल ज० कोड पूर्व अन्तरमहुर्त उ० च्यार कोडपूर्व और च्यार अंतरमहुर्त।

(९) गमें परिमाण स्थिति अनुबंध तीसरे गमेंकि माफीक भव ज० उ० दोयभव करे काल तीन पल्योपम और कोडपूर्व उ० तीन पल्योपम और कोडपूर्व। तथा असंख्याते वर्षके तीर्यंच युगलीये होते हैं वास्ते वह मरके तीर्यंचमें नहीं जाते हैं उन्होंकि गति केवल देवलोकि ही है वास्ते यहा उत्पात नहीं है। इति।

मनुष्य संज्ञी तथा असंज्ञी दोय प्रकारके होते हैं जिस्में असंज्ञी मनुष्य मरके तीर्यंच पांचेन्द्रियमें ज० अंतरमहुर्त उ०

कोडपूर्वकि स्थितिमें उत्पन्न होता है ऋद्धिके २० द्वार पृथ्वीकायमें उत्पन्न समय कहा था इसी माफीक। भव तथा काल और गमा असंज्ञी तीर्यंचमें कहा इस माफीक समझना।

संज्ञी मनुष्य संख्याते वर्षके आयुष्यवाला (कर्मभूमि) मरके तीर्यंच पांचेंद्रियमें ज० अन्तरमहुर्त उ० कोडपूर्वकि स्थितिमें उत्पन्न होते है जिस्की ऋद्धि जेसे मनुष्य पृथ्वीकायमें उत्पन्न समय कही थी इसी माफीक समझना। भव तथा काल नौ गमा द्वारा बतलाते है।

(१) गर्मे भव ज० उ० २ भव काल ज० दोय अंतरमहुर्त उ० तीन पल्योपम और कोडपूर्व।

(२) गर्मे भव ज० दोय उ० आठ भव काल ज० दोय अन्तरमहुर्त उ० च्यार कोडपूर्व और च्यार अन्तरमहुर्त।

(३) गर्मे भव ज० उ० दोय भव, काल ज० प्रत्यक मास और तीन पल्यो० उ० तीन पल्यो० और कोडपूर्व। परन्तु यहा ऋद्धिमें अवगाहाना ज० प्रत्यक अंगुल उ० पांचसो धनुष्य और स्थिति ज० प्रत्यक मास उ० कोडपूर्व कि समझना।

(४–५–६) गर्मे संज्ञी तीर्यंच पांचेन्द्रिय सादृश परन्तु परिमाण १–२–३ उ० संख्याते समझना।

(७) गर्मे० भव ज० उ० दोय, काल कोडपूर्व अन्तरमहुर्त उ० तीन पल्योपम प्रत्यक कोडपूर्वाधिक ऋद्धिमें अवगाहाना ज० उ० पांचसो धनुष्य स्थिति ज० उ० कोडपूर्व कि शेष प्रथम गमावत्

(८) गर्मे सातवावत् परंतु भव ज० २ उ० आठ भव काल ज० अंतरमहुर्त कोडपूर्व उ० च्यार कोडपूर्व च्यार अंतरमहुर्त।

(९) गमें, पूर्ववत् परंतु भव ज० उ० दोय काल ज० तीन पल्यो० कोडपूर्व एवं उत्कृष्ट भी समझना। असंख्याते वर्षका मनुष्य देवलोंमें जाते हैं। वास्ते यह नहीं कहा है।

दश भुवनपति अंतर ज्योतीषी सौ धर्म देवलोकसे यावत् सहस्रदेव लोक तकके देवता चवके तीर्यंच पांचेन्द्रियमें ज० अंतर महुर्त उ० कोडपूर्वकि स्थितिमें उत्पन्न होते है। जीनोकि ऋद्धि जेसे असुर कुमारके देव पृथ्वीकायमें उत्पन्न समय कही थी इसी माफीक समझना, भव तथा काल नौ गमा द्वारे कहते है। भव नौ गमामें ज० दोय उ० आठ भाल।

(१) गमें १०००० वर्ष अन्तर०	उ० ४ सागरों० सा० ४ कोड०		
(२) गमें ,,	,,	,, ४० हजार वर्ष ४ अन्तर०	
(३) गमें ,,	१ कोड०	,, ४ सा० सा० ४ कोड०	
(४) गमें ,,	अन्तर०	,, ४० हजार०	४ कोड०
(५) गमें ,,	,,	,, ४० ,,	४ अंतर०
(६) गमें ,,	कोडपुर्व	,, ,, ,,	४ कोड०
(७) गमें सा० सा०	अन्तर	,, ४ सा० सा० ४ कोड०	
(८) गमें ,,	,,	,, ४ सा० सा० ४ अंतर०	
(९) गमें ,,	कोडपुर्व	,, ४ सा० सा० ४ कोड०	

यह असुरकुमार और तीर्यंचके नौ गमा कहा है इसी माफीक अपनी अपनि स्थितिमें तीर्यंच पांचेन्द्रियकि स्थितिसे गमा लगा लेना ऋद्धिमें अवगाहाना तथा लेश्या और स्थिति अनुबन्ध अपने अपने हो सो कहेना यह सब दन्डकवालोंको सुगम है वास्ते नहीं लिखा है स्वउपयोग कहना इति २१–२०।

(२१) मनुष्यका उदेशा—मनुष्यके दंडकमें संज्ञी, असंज्ञी, संख्याते वर्षवाले, असंख्याते वर्षवाले यह सब मनुष्यके दंडकमें हि गिने जाते है। छे नरक दश भुवनपति व्यन्तर, ज्योतीषी, बारह देवलोक, नौग्रीवेग० पांच अनुत्तरवैमान, तीन स्थावर, तीन वैकलेन्द्रिय, तीर्यचपंचेद्रिय और मनुष्य, इतने स्थानके जीव मरके, मनुष्यमें ज० अन्तरमहुर्त उ० तीन पल्योपमकि स्थितिमें उत्पन्न होते है। "यथासंभव" जिस्मे।

रत्नप्रभा नरकसे मरके जीव मनुष्यमें ज० प्रत्यकमास उ० कोंड पूर्व कि स्थितिमें उत्पन्न होते है। ऋद्धिके २० द्वार जेसे रत्नप्रभासे तीर्थच पंचेन्द्रियमे उत्पन्न समय कही थी इसी माफीक समझना परन्तु यहा परिमाणमे १—२—३ उ० संख्याते उत्पन्न होते है क्युकि असंज्ञी मनुष्यमें तो नारकी उत्पन्न होवे नही और संज्ञी मनुष्यमें संख्यातेसे ज्यादे स्थान हे नही और गमामें मनुष्यका जघन्यकाल प्रत्यक मासका केहना कारण प्रत्यक माससे कम स्थितिमें उत्पन्न नही होते है। वास्ते गमा प्रत्यक माससे केहना। इसी माफीक शार्कर प्रभा—यावत् तमप्रभ भी समझना, परन्तु यहांसे आया हुवा जीव मनुष्य जघन्य स्थिति प्रत्यक वर्षसे कम नही पावेगा वास्ते गमामे मनुष्यकि ज० स्थिति प्रत्यक वर्ष कि कहना शेष ऋद्धिमें अवगहाना लेश्या आयुष्य अनुबन्धादि स्व स्वस्थानसे स्वउपयोगसे कहना "सातवी नरकका अभाव"

पृथ्वीकाय मरके, मनुष्यमें ज० अन्तर महुर्त उ० कोडपूर्व कि स्थितिमें उत्पन्न होते है। जिस्के ऋद्धिके २० द्वारा और

नौ गमा पूर्व पृथ्वीकाय तीर्यच पांचेन्द्रियमें उत्पन्न समय कहा था इसी माफीक कहना परन्तु तीसरे छटे नौमें गमामें परिमाण १-२-३ उ० संख्याते समझना और प्रथम गमे पृथ्वीकाय अपने जघन्य कालमें अध्यवसाय प्रसस्थ अप्रसस्थ दोनों होते है दुसरेगमे अप्रसस्थ तीसरे गमें प्रसस्थ शेष तीर्यच पांचेन्द्रिय माफीक है एवं अपकाय वनास्पतिकाय बेन्द्रिय, तेन्द्रिय, चोरिन्द्रिय, असंज्ञी तीर्यच पांचेन्द्रिय संज्ञी तीर्यच पांचेन्द्रिय असंज्ञी मनुष्य संज्ञी मनुष्य यह सब जैसे तीर्यच पांचेन्द्रियके दंडकमें उत्पन्न समय ऋद्धि तथा गमा कहा था इसी माफीक समझना परन्तु परिमाण स्थिति अनुबन्धादि अपने अपने स्थानसे कहना।

असुर कुमारके देव चवके मनुष्यमें ज० प्रत्यक मास उ० कोडपूर्वकि स्थितिमें उत्पन्न होते है ऋद्धिके २० द्वार जैसे तीर्यच पांचेन्द्रियमें उत्पन्न समय कहा था इसी माफक कहना परन्तु परिमाणमें १-२-३ उ० संख्याते कहना। और गमामें तीर्यचका जहा जघन्य अन्तर महूर्तका, काल, कहा था वह यहां (मनुष्यमें) प्रत्यक मासका कालसे गमा कहना। एवं दश भुवनपति व्यन्तर ज्योतीषी सौधर्म इशांन देवलोक तक और तीजे देवलोकसे नौ ग्रीवेग तकके देव मनुष्यमें ज० प्रत्यक वर्ष और उ० कोडपूर्वमें उत्पन्न होते है ऋद्धिके २० द्वार स्वउपयोगसे कहना कारण इस दंडक कण्ठस्थ करनेवालोंको बहुत ही सुगम् है वास्ते यहा नहीं लिखा है जाणन्ते और गमा तथा भवके लिये प्रथम थोकडेमें विस्तारसे लिख आये है। इतना ध्यानमें रखना कि नौमी ग्रीवेगमें अवगाहाना तथा संस्थान एक भव धारणी है समुद्घात सज्ञा

वे पांच है परन्तु वैक्रय और तेजस करते नहीं है। आठवा देवलोक तक ज० दोय भव उ० आठ भव करते है। अणत नौवा देवलोकके देव चवके मनुष्यमें ज० प्रत्यक वर्ष उ० कोडपूर्वकि स्थितिमें उत्पन्न होते है। भव ज० दोय उ० छे। काल ज० अठारा सागरोपम प्रत्यक वर्ष उ० सतावन सागरोपम तीन कोडपूर्व इसी माफीक नौ गमा. परन्तु ऋद्धि सब देवलोकके स्थानसे कहना इसी माफीक दशवा, इग्यारवा, बारहवा देवलोक और नौ ग्रीवैगम भी कहना स्थिति गमा स्वपयोगसे लगा लेना। ऋद्धिके २० द्वार प्रत्यक स्थानपर कहना चाहिये।

विजय वैमानके देव मनुष्यमें ज० प्रत्यक वर्ष उ० पूर्वकोड स्थितिमें उत्पन्न होते है। परन्तु अवगाहाना एक हाथ दृष्टीएक सम्यग्दष्टी, ज्ञानतीन, स्थिति ज० ३१ सागरोंपम, उ० ३३ सागरोपम शेष ऋद्धि पूर्ववत् भव ज० दोय उ० च्यार भव, काल ज० ३१ सागरोंपम, प्रत्यक वर्ष उ० ६६ सागरोपम, दोय कोडपूर्व अधिक इसी माफीक शेष आठ गमा भी समझना। एवं विजयंत, जयन्त, अपराजित वैमान भी समझना। तथा सर्वार्थसिद्धि वैमानवाले देव ज० दोयभव, उ० भि दोयभव करते है यह गमा ७–८–९ तीन होगा काल

(७) गमें काल तेतीस सागरोपम प्रत्यक वर्ष

(८) गमें काल ,, ,, ,,

(९) गमें काल ,, ,, कोडपूर्व

शेष छे गमा तुट जाते है कारण सर्वार्थसिद्ध वैमानमे ज० उ० तेतीस सागरोपम कि ही स्थिति है। इति १९–२१।

(२२) वाणमित्र (व्यन्तर) देवतों का उद्देशा-संज्ञी तीर्यंच असंज्ञी तीर्यंच संज्ञी मनुष्य तथा मनुष्य तीर्यंच युगलीया मरके व्यन्तर देवतावोंमें ज० दश हजार वर्ष उ० एक पल्योपमकि स्थितिमें उत्पन्न होता है इसकि २० द्वारकि ऋद्धि तथा नौ गमा नगकुमारकि माफीक समझना तथा युगलीया उत्कृष्ट स्थितिवाला भी व्यन्तर देवोंमें जावेगा तों एक पल्योपमकि स्थिति पावेगा अधिक स्थितिका अभाव है। इति २४–२२

(२३) ज्योतीषी देवोंका उद्देशा-संज्ञी तीर्यंच संज्ञी मनुष्य और मनुष्य तीर्यंच युगलीये मरके ज्योतीषी देवतोंमें ज० पल्योपमके आठ वे भाग उ० एक पल्योपम एक लक्ष वर्षकि स्थितिमें उत्पन्न होते है। विवरण–

असंख्यात वर्षके संज्ञी तीर्यंच पांचेन्द्रिय, मरके ज्योतीषी देवतावोंमें उत्पन्न होते है परंतु अपनि स्थिति ज० पल्योपमके आठ वे भाग उत्कृष्ट तीन पल्योपमवाले वहां ज्योतीषीयोंमें ज० ⅛ उ० एक पल्यो० लक्ष वर्ष अधिक। शेष ऋद्धि असुरकुमारकि माफीक ए भव ज० उ० दोय भव करे जिसके नौ गमा।

(१) गमें पल्यो० ⅛ उ० च्यार पल्यो० लक्ष वर्ष।

(२) गमें „ ⅛ उ० तीनपल्यो० ⅛ अधिक।

(३) गमें दोय पल्यो० दो लक्ष वर्ष उ० ४ प० लक्ष वर्ष।

(४) गमें, ज० उ० पावपल्यो० परन्तु अवगाहाना ज० प्रत्येक धनुष्य उ० १८०० धनुष्य साधिक।

(५-६) यह दोय गमा टुट जाते है=शुन्य है। कारण

जघन्य साधिक कोडपूर्वकि स्थिति युगलीयोंकि होती हैं परन्तु ज्योतीषीयोंमें इस स्थितिका स्थान नहीं है ।

(७) गमें ३ पल्यो० $\frac{1}{8}$ उ० च्यार पल्यो० लक्ष वर्ष ।

(८) गमें ३ पल्यो० $\frac{1}{8}$ उ० तीनपल्यो $\frac{1}{8}$ साधिक ।

(९) गमें ४ पल्यो० लक्ष वर्ष एवं उत्कृष्ट ।

संख्याते वर्षायुवाला तीर्यंच पांचेन्द्रिय ज्योतीषी देवोंमें उत्पन्न होते है । वह असुरकुमारकि माफीक ऋद्धि और नौगमा समझना ।

असंख्याते वर्षवाले संज्ञी मनुष्य मरके ज्योतीषी देवोंमें उत्पन्न होते है वह असंख्याते वर्षवाले संज्ञी तीर्यंचकि माफीक समझना । इतना विशेष है कि १-२-३ इस तीन गमामें अवगाहाना ज० नौ सो धनुष्य साधिक उ० तीन गाउकि ४. इस गमामें अवगाहाना ज० उ० साधिक नौसो धनुष्य तथा ७-८-९ इस तीन गमामें अवगाहाना ज० उ० तीन गाउकि है शेष पूर्ववत् ।

संख्याते वर्षके संज्ञी मनुष्य ज्योतीषीयोंमे उत्पन्न होते है जिस्के ऋद्धि तथा नौगमा, जेसे मनुष्य असुरकुमारमे उत्पन्न हुवा था परन्तु यहा पर स्थिति मनुष्य और ज्योतीषी देवोंसे गमा कहना शेष पूर्ववत् इति २४-२३ ।

(२४) वैमानिक देवतावोंका उद्देशा—बारह देवलोक, नौग्रीवैग, पांचानुत्तर वैमान यह सब वैमानिकमें गीने जाते है । प्रथम सौधर्म देवलोकके अन्दर संज्ञी तीर्यंच संख्यात वर्ष वाले असंख्यात वर्षवाले संज्ञी मनुष्य संख्याते वर्षवाले उत्पन्न होते है । यह सर्व ज्योतीषीयोंके माफीक समझना, परन्तु असंख्याते वर्षवाले तीर्यंच

पांचेन्द्रिय मरके सौधर्म देवलोकमें ज० एक पल्योपम उ० तीन पल्योपमकि स्थितिमें उत्पन्न होते है । वह समदृष्टी, मिथ्या दृष्टी, दोनों प्रकारके और दोय ज्ञान दोय अज्ञानवाले, स्थिति ज० एक पल्योपम उ० तीन पल्योपम एवं अनुबन्ध भी समझना । शेष ज्योतीषीयोंके माफीक. भव ज० उ० दोय करे काल ज० दोय पल्योपम उ० छे पल्योपम । नौ गमा ।

(१) गमें ज० दोय पल्यो० उ० छे पल्योपम
(२) गमें ज० ,, उ० च्यार पल्योपम
(३) गमें ज० चार पल्योपम उ० छे पल्योपम
(४) गमें ज० दोय पल्योप०उ० दोय पल्योपम अवगाहना
(५) गमें ज० ,, ,, } ज० प्रत्यक धनुष्य उ० दोय गाउ की।
(६) गमें ज० ,, उ० चार पल्योपम
(७) गमें ज० छे पल्यो उ० छे पल्यो०
(८) गमें ज० च्यार पल्यो०उ० च्यार पल्यो०
(९) गमें ज० छे पल्यो० उ० छे पल्यो०

संख्याते वर्षवाले संज्ञी तीर्यंच पांचेन्द्रियका अठारा असुरकुमारके माफीक परन्तु मध्यमके ४-५-६ तीन गमामें दृष्टी दोय, ज्ञान दोय, अज्ञान दोय केहना । यह नौ गमा सौधर्म देवलोक और तीर्यंच पांचेन्द्रियकि स्थितिसे लगाना ।

असंख्याते वर्षवाला मनुष्य जो सौधर्म देवलोकमे उत्पन्न होता है वह सब असंख्याते वर्षके तीर्यंचके माफीक सात गमा समझना परन्तु पहले, दुसरे गमामें अवगाहना ज० एक गाउ उ०

तीन गाउ तथा तीसरे गमें ज० उ० तीन गाउकि चोथे गमे ज० उ० एक गाउ। पीछले ७-८-९ तीन गमामें ज० उ० तीन गाउ कि आवगाहान शेष पूर्ववत्।

संख्याते वर्षवाला संज्ञी मनुष्य सौधर्म देवलोकमें ज० एक पल्योपम उ० दोयसागरोपमकि स्थितिमें उत्पन्न होते है। शेष ऋद्धि और नौगमा असुरकुमारकि माफीक समझना परन्तु यहांपर गमा सौधर्म देवलोक और मनुष्यकि स्थितिसे बोलाना।

इशांन देवलोकमें पूर्वकि माफीक कर्मभुमि अकर्मभूमि, तीर्यच पांचेन्द्रि तथा मनुष्य उत्पन्न होते है वह सब सौधर्मवत् समझना परन्तु यहांपर स्थिति ज० एक पल्योपम साधिक होनेसे युगलीयोंसे आनेवालोंकि स्थिति साधिकपल्योपम, अवगाहाना साधिक एक गाउ तथा चोथा गमामे वहां दोयगाउ अवगाहाना थि० वह यहांपर साधिक दोयगाउ कहना शेष सौधर्मवत्। गमामें इशान देवलोककि स्थिति ज० एक पल्योपम साधिक. उ० दोय सागरोपम साधिक कहना।

सनत्कुमार देवलोकके अन्दर संख्याते वर्षवाला सज्ञी तीर्यच पांचेन्द्रिय ज० दोय सागरोपम उ० सात सागरोपमकि स्थितिमें उत्पन्न होते है जिस्की ऋद्धिके २० द्वार असुरकुमारवत् परन्तु अपने जघन्य कालके ४-५-६ गमामें लेश्या पांच समझना शेष सौधर्मवत्। भव ज० २ उ० ९ काल तीर्यच और सनत्कुमार देवलोकसे स्वउपयोग लगा लेना।

संख्यात वर्षका संज्ञी मनुष्य सनत्कुमार देवलोकमें उत्पन्न होते है वह शार्करप्रभा नरकवत् समझना परन्तु गमामें स्थिति मनु-

ष्य तथा सनत्कुमार देवलोककी कहना । यथा—

(१) गमें	प्रत्यक वर्ष,	दोयसागरों०	उ०	च्यार कोडपूर्व	२८ सागरों०
(२) गमें	,,	,,	उ०	४ प्रत्यवर्ष	आठ सा०
(३) गमें	,,	,,	उ०	४ कोडपूर्व	२८ सा०
(४) गमें	,,	,,	उ०	४ पू०	२८ सा०
(५) गमें	,,	,,	उ०	४ प्रत्य०	८ सा०
(६) गमें	,,	,,	उ०	४ कोड०	२८ सा०
(७) गमें	कोडपूर्व	सातसागरो०	उ०	४ प्र०	२८ सा०
(८) गमें	,,	,,	उ०	४ प्र०	८ सा०
(९) गमें	,,	,,	उ०	४ कोड०	२८ सा०

एवं महेंद्रदेवलोक, ब्रह्मदेवलोक, लांतकदेवलोक, महाशुक्र-देवलोक, सहस्रारदेवलोक परन्तु गमामें स्थिति अपने अपने देवलोककि जघन्य उत्कृष्टसे गमा बोलना। विशेष है कि लांतकदेवलोकमें संज्ञी तीर्यंच पांचेंद्रिय अपनि ज० स्थितिकालमें लेश्या छवों कहना मनुष्य तथा तीर्यंच संहनन पांचवे छटे देवलोकमें पांचसंहननवाला जावे छेवटा वर्जके । सातवा आठवा देवलोकमें च्यार संहननवाला जावे कीलीका संहनन वर्जके ।

अथत् नौवा देवलोक,=संख्याते वर्षवाला संज्ञी मनुष्य मरके नौवा देवलोकमें ज० अठारा सागरोपम उ० उगणीस सागरोपमकि स्थितिमें उत्पन्न होते है ऋद्धि पूर्ववत परन्तु संहनन तीन प्रथमके. भव ज० तीन भव उ० सात भव करे काल ज० अठारा सागरोपम दोय प्रत्यक वर्ष उ० सतावन सागरोपम च्यार कोडपूर्व

अधिक । एवं शेष आठ गमा भी लगा लेना. यावत् बारहवां देवलोक तक परन्तु स्थिति स्व स्व स्थानसे कहना, गमा नौ, भव ज० तीन भव उ० सात भव । बारहवा दे० और मनुष्य ।

(१) गमें ज० प्रत्येक वर्ष २१ सागरो० उ० ६६ सा० ४कोड
(२) गमें ज० ,, ,, उ० ६३ सा० ४ प्रत्येवर्ष
(३) गमें ज० ,, ,, उ० ६६ सा० ४ कोड०
(४) गमें ज० ,, ,, उ० ,, ,,
(५) गमें ज० ,, ,, उ० ६६ सा० ४ प्रत्ये०
(६) गमें ज० ,, ,, उ० ६६ सा० ४ कोड०
(७) गमें ज० कोडपूर्व २२ सा० उ० ,, ,,
(८) गमें ज० ,, ,, उ० ६६ सा० ४ प्रत्ये०
(९) गमें ज० ,, ,, उ० ६६ सा० ४ कोड०

एवं नौग्रीवैग परन्तु प्रथमके दो संहननवाला आवे । गमा नौग्रीवैगकि स्थितिसे लगा लेना ।

विजयवैमानमें संख्याते वर्षवाला संज्ञी मनुष्य उत्पन्न होते है वह ज० ३१ सागरोपम उ० ३३ सागरोपमकि स्थितिमें उत्पन्न होते है । ऋद्धि पुर्ववत् परन्तु संहनन एक प्रथमवाला, दृष्टी एक सम्यगदृष्टी, ज्ञानी ज्ञानवाला शेष पूर्ववत । भव ज० ३ उ० ५ भव गमा नौ ।

(१) गमें प्रत्येवर्ष ३१ सा० उ० ६६ सा० ३ कोडपूर्व
(२) गमें ,, ,, उ० ६२ सा० ३ प्रत्ये०
(३) गमें ,, ,, उ० ६६ सा० ३ कोड०
(४) गमें ,, ,, उ० ६६ ,, ,,

(५) गर्मे	,,	,,	उ० ९२	सा० ३	प्रत्ये०
(६) गर्मे	,,	,,	उ० ६६	सा० ३	कोड०
(७) गर्मे कोडपूर्व	२२ सा०		उ० ६६	सा० ३	कोड०
(८) गर्मे	,,	,,	उ० ९२	सा० ३	प्रत्ये०
(९) गर्मे	,,	,,	उ० ६६	सा० ३	कोडपूर्व

एवं विजयन्त, जयन्त, अपराजित,

सर्वार्थ सिद्ध वैमानके अंदर संख्याते वर्षवाला संज्ञी मनुष्योत्पन्न होते है वह ज० उ० तेतीस सागरोपमकि स्थितिमें उत्पन्न होते है। ऋद्धि स्व उपयोगसे समझना। गमा ३ तीजा छटा नौवा।

(१) तीजे गमे भव तीन करे काल ज० ३३ सागरोपम दोय प्रत्यक वर्ष अधिक उ० ३३ सा० २ कोडपूर्व०।

(२) छठे गर्मे भव तीन–काल ३३ सा० दोय प्रत्येक वर्ष उ० ३३ सा० दोय प्रत्येक वर्ष अधिक।

(३) नौवा गर्मे भव तीन काल ज० उ० ३३ सागरोपम दोय कोडपूर्वाधिक।

अवगाहाना तीजे छठे गर्मे ज० प्रत्येक हाथकि नौवां गर्मे ज० उ० पांचसो धनुष्यकि। स्थिति ज० उ० कोडपूर्वकि इति २४–२४

इस गमा शतकमें बहुतसे स्थानपर पूर्वकि भोलामण देते हुवे गमा नहीं लिखा है इसका कारण प्रथम तो हमारा इरादाही कण्ठस्थ करानेका है अगर संख्यातसे कंठस्थ करेंगे उन्होंके लिये सबके सब गमा कण्ठस्थ ही हो जायगा।

ऋद्धिके बारामे यह विषय बहुत सुगम है जोकि लघु दंडकके जाननेवाला सहजमें ही समझ शक्ता है ।

गमा और ऋद्धिके लिये हमने प्रथम थोकडाही अलग बना दीया है अगर पेस्तर वह थोकडा पड लिया जायगा तो फीर बहुत सुगम हो जायगा ।

पाठक वर्गको इस बातको खास ध्यानमें रखनि चाहिये कि स्वल्प ही ज्ञान क्यों न हो, परन्तु कण्ठस्थ किया हुवा हो वह इतना तो उपयोगी होजाता है कि भिन्न भिन्न विषयमें पूर्ण मदद-कार बनके विषयको पूर्ण तौर ध्यानमें जमा देते है ।

इस शीघ्र बोधके सब भागमें हमारा प्रथम हेतु ज्ञानाभ्यासी-योंको कण्ठस्थ करानेका है और इसी हेतुसे हम विस्तार नहीं करते हुवे संक्षिप्तसे ही सार सार समझा देते है । आसा है कि इस हमारे इरादेको पूर्ण कर पाठक अपनि आत्माका कल्याण आवश्य करेगा । किमधिकम् ।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम् ।

इति शीघ्रबोध भाग २३ वां समाप्त ।

श्री ककसूरीश्वरसद्‌गुरुभ्योनमः

अथश्री

शीघ्रबोध भाग २४वां.

थोकडा नं० १

सूत्र श्री भागवतीजी शतक २१ वां

(वर्ग आठ)

इस इकवीसवां शतकके आठ वर्ग और प्रत्येक वर्गके दश दश उदेशा होनेसे ८० उदेशा है। आठ वर्गके नाम।

(१) शाली=गहू जव ज्वारादिका वर्ग

(२) कलमुर=चीणा मठरादिका ,,

(३) अलसी=कसुंबादिका ,,

(४) वांस=वेत लता आदिका ,,

(५) इक्षु=सेलडी जातिका ,,

(६) डाभ=तृणजातिका ,, [वृक्ष उत्पन्न होना

(७) अक्तोहरा=एक जातिके वृक्षमें दुसरि जातिका-

(८) तुलसी=आदि वेलीयोंका वर्ग

प्रथम शाली आदिके वर्गका मूलादि दश उदेशा है. जिस्मे पहला उदेशापर बत्तीसद्वार उतारेगा यथा--

(१) उत्पाद द्वार--शालीके मूलमें कितने स्थानसे जीव आय के उत्पन्न होते है ? तीर्यंचके ४६ भेद जेसे तीर्यंचके ४८ भेद

मानेगये है जिस्मे बनास्पतिके ६ भेद माना है यहां पर सुक्षम बादरके पर्याप्ता अपर्याप्त एवं च्यार माना है वास्ते ४६ स्थाना और मनुष्यके तीन भेद है कर्मभूमि मनुष्यका पर्याप्ता अपर्याप्त और समुत्सम एवं ४९ स्थानका जीव मरके शाळीके मूळमे आसक्ते है।

(२) परिमाण द्वार—एक समयमें कितने जीव उत्पन्न होसक्ते है। एक दोय तीन यावत् संख्याते असंख्याते।

(३) अपहरन द्वार—एक समय उत्कृष्ट असंख्याते जीव उत्पन्न होते है उस जीवोंको प्रत्यक समय एकेक जीव निकाळा जावेतों कितना काळ लागे? उस्कों असंख्याती सर्पिणी उत्सर्पिणी जीतना काळ लागे।

(४) अवगाहना द्वार—ज० अंगुळके असंख्यातमे भाग० उत्कृष्ट प्रत्येक धनुष्पकि होती है।

(५) बन्धद्वार—ज्ञानावर्णिय कर्म बन्धक (१) किसी समय एक जीव उत्पन्न कि अपेक्षा एक जीव मीलता है (२) कीसी समय बहुत जीव उप्तन्न समय बहुत जीव मीलता है एवं शेष सात कर्मोका दोय दोय भांगा समझना परन्तु आयुष्य कर्मके आठ भांगा होता है यथा (१) आयुष्य कर्मका बन्धक एक (२) अबन्धक एक (३) बन्धक बहुत (४) अबन्धक बहुत (५) बन्धक एक, अबन्धक एक (६) बन्धक एक अबन्धक बहुत (७)बन्धक बहुत अबन्धक एक (८) बन्धक बहुत अबन्धक भी बहुत।

(६) वेदेद्वार—ज्ञानावर्णिय कर्म वेदनावाळा एक तथा घणा और साता असाता वेदनिय कर्मका भांगा आठ शेष कर्मोका दो दो भागा पूर्ववत् समझना।

(७) उदयद्वार—ज्ञानावर्णिय उदयवाला एक ज्ञाना० उदयवाला बहुत एवंयावत् अंतराय कर्मका ।

(८) उदिरणाद्वार—आयुष्य और वेदेनिय कर्मोका आठ आठ भांगा शेष छे कर्मोका दो दो भागा पूर्ववत् ।

(९) लेस्याद्वार—शालीके मूलमें जीव उत्पन्न होते है उस्मे लेश्या स्यातकृष्ण स्यातनिल स्यातकापात लेश्या होती है बहुत जीवों कपेक्षा २६ भागा होते है देखो शीघ्र० भाग ८ उत्पेंठोधिकार ।

(१०) द्दष्टीद्वार द्दष्टी एक मिथ्यात्वकि भांगा दोय । एक जीवोत्पन्नापेक्षा एक, बहुत जीवोत्पन्नापेक्षा बहुत ।

(११) ज्ञानद्वार—अज्ञानी एक अज्ञानी बहुत ।

(१२) योगद्वार—काययोगि एक काययोगि बहुत ।

(१३) उपयोगद्वार—साकार अनाकारके भांगा आठ ।

(१४) वर्णद्वार—जीवापेक्षा वर्णादि नही होते हैं और शरीरापेक्षा पांच वर्ण दोय गंध पांच रस आठ स्पर्श पावे ।

(१५) उश्वासद्वार—उश्वास, निःश्वास नोउश्वसनोनिश्वास तीन पदके भांगा २६ उत्पश्वत् ।

(१६) आहारद्वार—आहारीक एक—बहुता एक और बहुतके दो भांगा ।

---

१ शीघ्रबोध भाग ८ वांमे उत्पल कमलके ३२ द्वार विस्तार रूप कहे है यहांपर यादश विषयकि मोटामम दी गइ है, देखो भाग८ भाग ।

(१७) व्रतीद्वार—अव्रती एक अव्रती बहुत ।

(१८) क्रियाद्वार—सक्रिय एक सक्रिया बहुत ।

(१९) बंधद्वार—सात कर्मोके बन्ध और आठ कर्मोके बन्धसे आठ भांगा पूर्ववत् ।

(२०) संज्ञाद्वार—आहारसंज्ञा भय० मैथुन० परिग्रह० च्यार पदके ८० भांग देखो उत्पलाधिकार ।

(२१) कषायद्वार—क्रोध, मान, माया, लोभ च्यार पदके भांग ८० देखो उत्पलाधिकार ।

(२२) वेदद्वार—नपुंसकवेद एक नपुं० बहुत

(२३) बन्धद्वार—स्त्रिवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद इस तीनों वेदके २६ भांगोंसे बन्ध करता है ।

(२४) संज्ञीद्वार—असंज्ञी एक—बहुत ।

(२५) इन्द्रियद्वार—सइन्द्रियएक—बहुत ।

(२६) अनुबन्धद्वार कायस्थिति—जघन्य अन्तर महुर्त. उत्कृष्ट ख्याते काल अर्थात शालादिके मूलका मूलपणे रहे तो असंख्यात काल रह शक्ते है ।

(२७) संपहो—अन्य गति तथा जातिके अन्दर कितने भव करे कीतने कालतक गमनागमन करे ।

नाम	भव		काल	
	ज०	उ० भव	ज०	उत्कृष्ट काल
च्यार स्थावरमें	२	असंख्या	अन्तरमहूर्त	असंख्या० काल
वनास्पतिमें	२	अनन्ता		अनन्त० ,,
वैकलेन्द्रियमें	२	संख्यात		संख्यात० ,,
तीर्यच पांचेन्द्रिय	२	आठ		प्रत्यक ,,
मनुष्यमें	२	आठ		कोडपूर्व ,,

(२८) आहारद्वार—२८८ बोलोका आहार लेते है ।

(२९) स्थितिद्वार—ज० अन्तरमहूर्त उ० प्रत्यक वर्षकि ।

(३०) समुदघात—वेदनि, मरणंति, कषाय एवं तीन ।

(३१) मरण—समोहीय, असमोहीय दोन प्रकारसे ।

(३२) गतिद्वार—मरके ४९ स्थानमें आते है पूर्ववत ।

(प्र) हे भगवान् सर्व प्राणभूत जीव सत्व, शालीके मूलपणे पूर्वे उत्पन्न हुवे ?

हां गौतम, एक वार नही किन्तु अनन्ती अनन्ती वार उत्पन्न हुवे है । इति ।१।

जेसे यह शालीके मूलका पहला उदेशा कहा है इसी माफीक शालीके कन्द उदेशा, स्कन्धउदेशा, त्वचाउदेशा, साखाउदेशा, परवाल उदेशा, और पत्रउदेशा एवं सातउदेशा सादश है सबपर ३२–३२ द्वार उत्तारना ।

आठवां पुष्प उदेशामें जीव ७४ स्थानोंसे आते है जिस्मे ४९ तो पूर्वे कहा है, दशभुवनपति, आठव्यन्तर, पांच ज्योतीषी,

सौधर्म देवलोक, और ईशान देवलोक, एवं पचवीस देवतावोंके पर्याप्ता चवके शालीके पुष्पोंमें आते है वास्ते ७४ स्थानोंकि आगति है। लेश्या च्यार भांगा ८० है अवगाहाना उत्कृष्ट प्रत्यक अंगुलकि है एवं नौवां, फलउदेशा तथा दशवां बीजउदेशा भी समझना। तात्पर्य यह है कि शाली गहु जव ज्वारादिके सात उदेशोंमें देवता उत्पन्न नहीं होते है। शेष तीन उदेशामें देवता मरके उत्पन्न होते है। कारण पुष्पादि अच्छे सुगन्धवाले होते है।

इति प्रथम वर्गके दश उदेशा प्रथम वर्ग समाप्तम्॥

(२) दुसरा कल मुगादिका वर्ग, शाली माफीक दशों उदेशा समझना तीन उदेशोंमें देव अवतरे।

(३) तीसरा—अलसी कसुंबादिका वर्गशाली माफीक दशो उदेशा समझना।

(४) वांस वेतका चोथा वर्ग, शाली माफीक है परन्तु दशों उदेशामें देवता उत्पन्न नहीं होते है।

(५) इक्षु वर्गके तीसरा स्कन्धउदेशामें देवता उत्पन्न होते है शेषमें नहीं, स्कन्धमें मधुरता रहेती है।

(६) डाभ तृणादि वर्गके दशोउपदेशोंमें देवता नहीं आवे सर्व वांस वर्गकि माफीक समझना।

(७) अझोहरा वर्ग, वांसवर्गके माफीक समझना।

(८) तुलसीवर्ग, वांसवर्गके माफीक समझना।

नोट—जीस उदेशामें देवता उत्पन्न होते हो वहां लेश्या च्यार पावे और भागा ८० होते है शेषमें लेश्या तीन भागा २६ होते है। इति भगवती सुत्र शतक २१। वर्ग आठ उदेशा ८०, समाप्तं।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकडा नम्बर २

सूत्र श्री भागवतीजी शतक २२

(वर्ग छे)

इस बावीसवां शतकके छे वर्ग है प्रत्येक वर्गके दश दश उदेशा होनसे साठ उदेशा होते है । यथा–

(१) ताल तम्बालादि वृक्षका वर्ग
(२) एक फलमें एक बीज आम्र हरडे निंब आदिके वर्ग
(३) एक फलमें बहुत बीज अगत्थीया वृक्ष तंडुक वृक्ष बद-
रिक वृक्षादि ।
(४) गुच्छा वृन्ताकि आदिका वर्ग ।
(५) गुल्म–नवमालती आदिका वर्ग
(६) वेलि–पुंफली, कालिंगी, तुम्बीदि वर्ग

इस छे वर्गसे प्रथम तालतम्बालादि वृक्षके मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वचा, साखा, यह पांच उदेशा शाली वर्गवत् कारण इस पाचों उदेशोंमें देवता उत्पन्न नही होते है । लेश्या तीन भांगा २६ होते है । स्थिति ज० अन्तर महूर्त उ० दशहजार वर्षोकि है । शेष परिवाल, पत्र, पुष्प, फल, बीज इस पांच उदेशोमें देवता आके उत्पन्न होते है, लेश्या च्यार भागा ८० होते है । और स्थिति ज० अन्तर महूर्त उ० प्रत्यक वर्ष की है । अवगाहाना जघन्य अंगुलके असंख्यातमें भाग है उत्कृष्टी मूल कन्दकि प्रत्यक धनुष्यकि, स्कन्ध, त्वचा, साखा, कि प्रत्यक गाउ० परवाल, पत्र, कि प्रत्यक धनुष्यकि, पुष्पोंकि प्रत्यक हाथ, फल, बीज कि प्रत्यक अंगुलकि है शेष अधिकार शाली वर्ग माफीक समजना ।

(२) एगटिया–निंब, जंबु, कोसंब, पीलु, इत्यादि जीसके फलमें एक गुटली हो एसे वृक्षोंकि वर्गका दश उदेशा निर्विशेष प्रथम वर्गवत् समझना इति एगठिय वर्गके दश उदेशा। समाप्तं।

(३) बहुबीजा–आगत्थियाके वृक्ष, तंदुकवृक्ष कविट आम्बाण इत्यादि वृक्षोंका वर्गके दश उदेशा ताल वर्गके सादृश समझना इति तीसरा वर्ग० स०।

(४) गुच्छा–वेगण, खलाइ, गंज, पडलादि गुच्छा वर्गके दश उदेशा निर्विशेष वांस वर्गकि माफीक समझना इति गुच्छा वर्ग समाप्तं।

(५) गुल्म–नौ मल्ति सरिका कणव नालिका आदिका वर्गके देश उदेशा निर्विशेष शाली वर्गकि माफीक समझना इति गुल्म वर्ग समाप्तम्।

(६) वेलि–पूनफली, कालिंगी तुंबी तउसी एला वालुकि अदि वेलिवर्गके दश उदेशा तालवर्गकि माफीक परन्तु फल उदेशे अवगाहाना उ० प्रत्यक धनुष्यकि है और स्थिति सब उदेशे उ० प्रत्यक वर्षाकि है इति वेलिवर्ग समाप्तं।

यहां छे वर्गके साठ उदेशा है प्रत्यक उदेशे बत्तीस बत्तीस द्वार उतारणा चाहिये वह आम्नाय शालीवर्गमें लिखी गई है सिवाय खास तफावतकि बातों यहांपर दर्शाई है वास्ते स्व उपयोगसे विचारणा चाहिये।

इति बावीसवां शतक छे वर्ग साठ उदेशा समाप्तं।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकडा नम्बर ६

श्री भगवती सूत्र शतक २३

(वर्ग पांच)

इस तेवीसवां शतकके पांच वर्ग जिस्के पचास उदेशा है इस शतकमें अनन्त काय साधारण वनास्पतिका अधिकार है साधारण वनास्पतिकायमें जीव अनन्त कालतक छेदन, भेदन, महान् दुःख-सहन किया है वास्ते इस शतकके प्रारम्भमें "नमो सुयदेवयाए भगवईए" सुत्र देवता भगवतीको नमस्कार करके (१) आलुवर्ग (२) लोहणी वर्ग (३) आवकाय वर्ग (४) पाढमि आदि वर्ग (५) मासपन्नी आदि वर्ग कहा है। (१) आलु मूला आदो हलदी आदिके वर्गका दश उदेशा वांस उदेशाकि माफीक है परन्तु परि-माण द्वारमें १—२—३ यावत् संख्याते असंख्याते अनन्ते उत्पन्न होते है समय समय एकेक जीव निकाले तो अनन्ती सर्पिणि, उत्सर्पिणि पुर्ण होजाय। स्थिति जघन्य और उत्कृष्ट अंतर महुर्तकि शेष वांसवर्गवत समझना इति प्रथम वर्ग दश उदेशा समाप्तम्।

(२) लोहनि असकनी, वज्रकन्नो, आदिका वर्गके दश उदेशा, आलुवर्गके माफीक परंतु अवगाहाना तालवर्ग माफीक समझना इति समाप्तम्।

(३) आवकाय कहुणी आदि जमीकन्दकी एक जाति है इसके भी १० उदेशा आलुवर्ग माफीक है परंतु अवगाहाना ताल वर्ग माफीक समझना इति तीसरा वर्ग समाप्तम्।

(४) पाढमि, वालुकि मधुरसाय आदि० जमीकंदकि एक

जाति है इसका भी दश उदेशा आलुवर्ग सादृश है परन्तु अवगाहाना वेलिवर्ग माफीक समझना इति ॥ ४॥

(५) मासपन्नी मुग्गपन्नी जीव सरिसव आदि यह भी एक जमीकन्दकी जाति है इसके भी मूलादि दश उद्देशा निर्विशेष आलुवर्ग सादृश समझना इति पांचमा वर्ग समाप्तम् ।

इस तेवीसवा शतकके पांच वर्ग पचास उद्देशा है प्रत्येक उदेशापर पूर्वोक्त बत्तीस बतीसद्वार स्वउपयोगसे लगालेना ।

सुचीना २१-२२-२३ शतक पढ़नेके लिये पेस्तर उत्पल-कमला धिकार कण्ठस्थ करलेना चाहिये कि यह तीनों शतक सुगमता पूर्वक समझमें आसके इति ।

सेवं भंते सेवं भंते तमेवसच्चम् ।

थोकडा नंबर ४

सूत्र श्री भगवतीजी शतक २५ उद्देशो ४

(अल्पा बहुत्व)

(१) इस आरापार संसारके अन्दर अनन्ते परमाणु पुद्गल अनन्ते द्विप्रदेशी स्कन्ध एवं तीन प्रदेशी, च्यार प्रदेशी, पांच प्रदेशी, छे प्रदेशी, सात प्रदेशी आठ प्रदेशी, नो प्रदेशी, दश प्रदेशी; यावत संख्याते प्रदेशी, असंख्याते प्रदेशी, अनन्त प्रदेशी स्कंध अनन्ते हैं ।

(२) इस चौदा राज परिमाणवाले लोकमें, एक आकाश प्रदेशी अवगाहन किये हुवे पुद्गल अनन्ते है एवं २-३-४-५-६-७-८-९-१० आकाश देश अवगाहन किये हुवे पुद्गल अनन्ते

है यावत् संख्याते, असंख्याते, आकाश प्रदेश अवगहान किये हुवे पुद्गल अनन्ते हैं ।

(३) इस अनादि लोकके अन्दर एक समयकी स्थिति वाले पुद्गल अनन्ते हैं एवं २–३–४–५–६–७–८–९–१० यावत् संख्याते समयकी स्थिति, असंख्याते समयकि स्थिति वाले पुद्गल अनन्ते हैं ।

(४) इस प्रवाह लोकके अन्दर एक गुन काले वर्ण एवं २–३ ४-५-६-७-८-९-१० यावत्संख्याते असंख्याते अनन्ते गुण काले पुद्गल अनन्ते हैं एवं नीलेवर्ण रक्तवर्ण पीतवर्ण श्वेतवर्ण सुगंध दुर्गन्ध तीक्तरस कटुकरस कषायकेरस खटोरस मधुरस कर्कशस्पर्श मृदु, गुरु लघु, शीत, उष्ण, रूक्ष, स्निग्ध यह वीसबोलोंके एक गुनसे अनंत गुणतकके पुद्गल अनंते अनन्ते है ।

द्रव्यापेक्षा, क्षेत्रापेक्षा, कालापेक्षा, भावापेक्षा, इसी च्यारोंके द्रव्य और प्रदेशापेक्षा अल्पाबहुत्व कहते है ।

(१) द्रव्यापेक्षा अल्पा०

(१) दो प्रदेशी स्कंध द्रव्यसे परमाणुवोंके द्रव्य बहुत है
(२) तीन प्रदेशी स्कंध द्रव्यसे दो प्रदेशीके द्रव्य बहुत है
(३) च्यार ,, ,, ,, तीन प्र० स्कं० द्रव्य ,,
(४) पांच ,, ,, च्यार ,, ,, ,, ,,
(५) छे ,, ,, पांच ,, ,, ,, ,,
(६) सात ,, ,, छे ,, ,, ,, ,,
(७) आठ ,, ,, सात ,, ,, ,, ,,
(८) नौ ,, ,, आठ ,, ,, ,, ,,

(९) दश	,,	,, नौ	,,	,,	,,	,,
(१०) दश	,,	,, संख्यात	,,	,,	,,	,,
(११) संख्यात	,,	,, असं०	,,	,,	,,	,,
(१२) अनन्त	,,	,, असं०	,,	,,	,,	,,

(२) प्रदेशापेक्षा अल्पा०

(१) परमाणुवोंसे दो प्रदेशीके प्रदेश बहुत है ।

(२) दो प्रदेशी स्कंघसे तीन प्र० के प्रदेश बहुत है ।

(३) तीन प्र० स्क०		से च्यार प्र० के	,,	,,
(४) च्यार	,,	,, से पांच प्र० के	,,	,,
(५) पांच	,,	,, से छे प्र० के	,,	,,
(६) छे	,,	,, से सात प्र० के	,,	,,
(७) सात	,,	,, से आठ प्र० के	,,	,,
(८) आठ	,,	,, से नो प्र० के	,,	,,
(९) नौ	,,	,, से दश प्र० के	,,	,,
(१०) दश	,,	,, से संख्याते प्र० के	,,	,,
(११) संख्या	,,	,, से असंख्या प्र० के	,,	,,
(१२) अनन्त	,,	,, से असंख्य० प्र० के	,,	,,

(३) क्षेत्रापेक्षा द्रव्योंकि अल्पा० दोय आकाश प्रदेश अवगाह्य द्रव्योंसे, एकाकाश प्रदेश अवगाह्ये द्रव्य बहुत है एवं यावत दशाकाश अवगाह्ये द्रव्योंसे नौ आकाश अवगाह्ये द्रव्य बहुत है । दशाकाश अवगाह्ये द्रव्यसे संख्याता काश अवगाह्ये द्रव्य बहुत है। संख्या ० अवगाह्यसे असंख्याताकाश अवगाह्ये द्रव्य बहुत है ।

(४) क्षेत्रापेक्षा प्रदेशकि अल्पा० एकाकाश अवगाह्ये प्रदेशसे

दो आकाश अवगाहे प्रदेश बहुत है एवं यावत नौ अव० से दशाकाश अवगाहे प्रदेश बहुत है; दशाकाश अवगाहासे संख्यात आकाश प्रदेश अवगाह्य प्रदेश बहुत, संख्यात० से असंख्याते प्रदेश अवगाहे प्रदेश बहुत है।

(५–६) कालापेक्षा द्रव्य और प्रदेशकी अल्प बहुत्व क्षेत्रकि माफिक समझना।

(७–८) भावापेक्षा द्रव्य और प्रदेशकि अल्पाबहुत्व पांच वर्ण दोयगंध पांच रस और चार स्पर्श एवं १६ बोलोंकि अल्प० परमाणुकी माफीक अर्थात् द्रव्यकि नं० १ प्रदेशकि नं० २ माफीक समझना और कर्कशस्पर्शकि अल्पा बहुत यथा= एक गुण कर्कश स्पर्शसे दो गुण कर्कश स्पर्श के द्रव्य बहुत हैं एवं नौ गुणसे दश गुणके द्रव्य बहुत, दश गुणसे संख्यात गुणके बहुत, संख्यात गुणोंसे असंख्यात गुणके बहुत, असंख्यात गुण कर्कश स्पर्शके द्रव्यों से अनन्त गुण कर्कश स्पर्शके द्रव्य बहुत है। इसी माफीक प्रदेशकी भी अल्प० समझना एवं मृदुस्पर्श, गुरुस्पर्श, लघुस्पर्श भी समझना इति।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकडा नम्बर ९

सूत्र श्री भगवतीजी शतक २५ उद्देशा ५

(कालाधिकार)

(प्र० हे भगवान्! एक आविकामें क्या संख्याते समय होते हैं? असंख्याते समय होते है? अनन्ते समय होते है?

(उ) हे गौतम एक आविलकाके असंख्याते समय होते है किन्तु संख्याते, अनन्ते समय नहीं होते है।

(१) एवं एकश्वासोश्वासमें असंख्यात समय होते हैं।

(३) स्तोककालमें असंख्यात समय होते है।

(४) एवं एक लवकालमें असंख्याते समय होते है (५) एवं महुर्त (६) अहोरात्री (७) पक्ष (८) मास (९) ऋतु (१०) अयन (११) संवत्सर (१२) युग (१३) शतवर्ष (१४) सहस्त्रवर्ष (१५) लक्षवर्ष (१६) पूर्वांगे (१७) पूर्व (१८) तुटीतांग (१९) तुटीत (२०) अडडांग (२१) अडड (२२) अववांग (२३) अवव (२४) हुहांग (२५) हुहू (२६) उपलांग (२७) उपल (२८) पद्मांग (२९) पद्म (३०) निलनिआंग (३०) निलनि (३०) (३१) अत्यनिआंग (३२) अत्यनि (३३) आयुरांग (३४) आयु (३५) नायुरांग (३६) नायु (३७) पायुरांग (३८) पायु (३९) चुलीयांग (४०) चूलिया (४१) शीश पेलीयांग (४२) शीषपेलीयाँ (४३) पल्योपमें (४४) सागरोपमें (४५) उत्सर्पिणि (४६) अवसर्पिणि (४७) कालचक्रं एवं ३७ वोल एक वचन अपेक्षा असंख्यात समय

---

१ समयको शास्त्रकारोंने वहुत ही सुक्षम वतलाया है देखो अनुयोगद्वारसुत्रको। २ लक्ष चौरासी वर्गका एक पुर्वांग होते हैं (३) चौरासी लक्षको चौरासी लक्ष गुने करनेसे ७०५६०००००००००० वर्षका एक पूर्व होता हैं आगे एकेक वोलको चौरासी चौरासी लक्ष गुनाकर लेना। (४) यहातक गणत विषय वतलाये हैं (५) कुवेके द्रष्टान्तसे पल्योपमकाल (६) दश कोडाकोड पल्योपमका एक सागरोपम (७) वीस कोडाकोड सागरोपमका एक काल चक्र (८) अनन्ते कालचक्रका एक पुद्गल प्रवर्तन होते है।

है और (४८) एक पुद्गल प्रवर्तनमें संख्यात समय नहीं असंख्यात समय नहीं किन्तु अनन्त समय होते है (४९) एवं भूतकालमें (५०) एवं भविष्य कालमें (५१) एवं सर्व कालमें अनन्त समय है कारण इस च्यार बोलोंमें काल अनंतो है।

(प्र) बहुवचनापेक्षा घणि अविलकामें समय संख्याते है असंख्याते है ? अनन्ते है।

(उ) संख्याते नहीं स्यात असंख्याते स्यात अनन्ते समय है एवं ४७ वां बोल कालचक्र तक कहना शेष च्यार बोल (४८–४९–५०–५१) में संख्याते, असंख्याते समय नहीं किन्तु अनन्ते समय है।

(प्र) एक श्वासोश्वासमें आविलका कितनि है।

(उ) संख्याती है शेष नहीं एवं ४२ बोलतक स्यात संख्याती ४३–४४–४५–४६–४७ इस पांच बोलोंमें असंख्याती है शेष ४८–४९–५०–५१ वां बोलमें अनन्ती है एवं बहुवचनापेक्षा परन्तु ४२ बोलोंतक स्यात् संख्यती स्यात असंख्याती स्यात अनन्ती पांच बोलोंमें स्यात असंख्याती स्यात अनन्ती शेष च्यार बोलोंमें आविलका अनन्ती है।

इसी माफीक एकेक बोल उत्तरोत्तर पृच्छा करनेमें एक वचनापेक्षा ४२ वालों तक संख्याते ५ वालोंमें असंख्याते ४ वालोंमें अनंते और बहुतवचनापेक्षा ४२ बोलों तक स्यात संख्याते स्यात असंख्याते स्यात अनंते, पांच बोलोंमें, स्यत असंख्याते स्यात अनन्ते और च्यार बोलोंमें अनन्ते कहना। चरम प्रश्न।

(प्र) भूतकालमें पुद्गल प्रवर्तन कितने है।

(उ) अनन्ते एवं भविष्यकालमें भी एवं सर्व कालमें भी अनन्ते पुद्गल प्रवर्तन होते है। कारण काल अनन्ता है।

भूतकालसे भविष्यकाल एक समय अधिक है। कारण। वर्तमानकालका समय है वह भविष्य कालमें गीना जाता है। भूतकालकि आदि नहीं है और भविष्यकालका अंत नहीं है वर्तमान समय एक है उसको शास्त्रकारोंने भविष्यकालमें ही गीना है इति।

सेवं भंते सेवं भंते तमेवसच्चम्।

थोकड़ा नम्बर ६

सूत्र श्री भगवतीजी शतक २५ उद्देशा ७

(संयति)

निग्रंथ पांच प्रकारके होते है वह थोकडा, शीघ्रबोध भाग चोथामें छपा गया है, अब संयति (साधु) पांच प्रकारके होते है यथा सामायिक संयति, छदोपस्थापनियसंयति, परिहार विशुद्ध संयति, सूक्षम संपराय संयति, यथाक्षात संयति इस पांचो संयतिको ३६ द्वारसे विवरणकर शास्त्रकार बतलाते है।

(१) प्रज्ञापनद्वार=पांच संयतिकि परूपणा करते हैं (१) सामायिक संयतिके दो भेद है (१) स्वल्प कालका जो प्रथम और चरम जिनोंके साधुवोंको होता है उसकी मर्याद जघन्य सातदिन मध्यम च्यार मास उत्कृष्ठ छे मास (२) बावीस तीर्थंकरोंके तथा महाविदेह क्षेत्रमें मुनियोंके सामायिक संयम होते है वह जावजीव तक रहेते हैं (२) छदोपस्थापनिय संयम, जिस्का दो भेद है (१) स अतिचार जो पूर्व संयमके अन्दर आठवां प्रायश्चित सेवन कर-

जेसे फीरसे छदो० संयम दिया जाता है (२) तेवीसवें तीर्थंकरोंका साधु चौवीसवें तीर्थंकरोंके शासनमें आते है उसकों भी छदो० संयम दिया जाते है वह निरातिच्यार छदो० संयम है (३) परिहार विशुद्ध संयमके दो भेद है (१) निवृतमान जेसे नौ मनुष्य नौ नौ वर्षके हो दीक्षाले वीस वर्ष गुरुकुलवासे नौ पूर्वका व्ययन कर विशेष गुण प्राप्तिके लिये गुरु आज्ञासे परिहार विशुद्ध संयमको स्वीकार करे। प्रथम छेमास तक च्यार मुनि तपश्चर्य करे च्यार मुनि तपस्वी मुनियोंकि व्यावच्च करे, एक मुनि व्याख्यान वाचे दूसरे छ मासमें तपस्वी मुनि व्यावच्च करे व्यावच्चयवाले तपश्चर्यकरे तीसरे छमासमें व्याख्यान वाला तपश्चर्यकरे सातमुनी उन्होंकि व्यावचकरे, एक मुनि व्याख्यान वांचे। तपश्चर्यका क्रम: उष्णकालमें एकान्तर शीतकालमें छट छट पारणा चतुर्मासामें अठम अठम पारणा करे, एसे १८ मासतक तपश्चर्य करे। जिनकल्पको स्वीकार करे अगर एसा नहोतों वापीस गुरुकुलवासाकों स्वीकार करे।

(४) सुक्ष्म संपराय संयमके दो भेद है। (१) संक्लष परिणाम उपशमश्रेणिसे गिरते हुवेके (२) विशुद्ध परिणाम क्षपकश्रेणि चडते हुवेके (५) यथाख्यात संयमके दो भेद है (१) उपशान्त वितरागी (२) क्षिणवितरागी जिस्में क्षिणवितरागीके दो भेद है (१) छद्मस्त (२) केवली जिस्में केवलीका दोय भेद है (१) संयोगी केवली (२) अयोगी केवली। इति द्वारम्

(२) वेद —सामायिक सं० छदोपस्थापनियसं० सवेदी, तथा अवेदी भी होते है कारण नौ वां गुण स्थानके दो समय शेष रहने पर वेद क्षय होते है और उक्त दोनों संयम नौ वा गुण स्थान तक

है। आगर सवेद होतों त्रिवेद, पुरुषवेद नपुंसकवेद इस तीनोंवेदमें होते है। परीहार विशुद्ध संयम पुरुष वेद पुरुष नपुंसकवेदमें होते है सुक्षम यथाख्यात यह दोनो संयम अवेदी होते है जिस्मे उपशांत अवेदी (१०–११–गु०) और क्षिण अवेदी (१०-११-१२-१४) गुणस्थान) होते है इति द्वारम्

(६) राग–च्यार संयम सरागी होते है यथाख्यात सं० वित-रागी होते है सो उपशान्त तथा क्षिण वीतरागी होते है।

(४) कल्प– कल्पके पांच भेद है।

(१) स्थितकल्प–(१) वस्त्रकल्प (२) उद्देशीक आहार कल्प (३) राजपण्ड (४) शय्यातरपण्ड (५) मासीकल्प (६) चतुर्मासीक कल्प (७) व्रतकल्प (८) प्रतिक्रमणकल्प (९) कृतकर्मकल्प (१०) पुरुषजेष्टकल्प एवं (१०) प्रकारके कल्प प्रथम और चरम जिनोंके साधुवोंके स्थितकल्प है।

(२) अस्थित कल्प पुर्वेजो १० कल्प काहा है वह मध्यमके २२ तीर्थंकरोंके मुनियोंके अस्थित कल्प है क्योंकि (१) शय्यातर व्रत, कृतकर्म, पुरुष जेष्ट, यह च्यार कल्पस्थित है शेष छेपरक अस्थित है विवरण पर्युषण कल्पमें है।

(३) स्थिवर कल्प–मर्यादापूर्वक १४ उपकरण रखे गुरुकुल वासो सेवन करे गच्छ संग्रहत रहै। और भी मर्यादा पालन करे।

(४) जिनकल्प–जघन्य मध्यम उत्कृष्ट उत्सर्ग पक्ष स्वीकार कर अनेक उपसर्ग सहन करते जंगलादिमें रहे देखो नन्दीसुत्र विस्तार।

(९) कल्पातित—आगम विहारी अतिशय ज्ञानवाले महात्मा जो कल्पसे वितिरक्त अर्थात् भूत भविष्यके लाभालाभ देख कार्य करे इति। सामा० सं० में पूर्वोक्त पांचों कल्पपावे छदो० परि-हार०में कल्प तीन पावे, स्थित कल्प, स्थिवर कल्प, जिन कल्प। सूक्ष्म० यथाख्य० में कल्पदोय पावे अस्थित कल्प और कल्पातित इतिद्वारम्।

(५) चारित्र—सामा० छदो० में निर्गंथ च्यार होते है पुलाक बुकश प्रतिसेवन, कषायकुशील। परिहार० सूक्ष्म० में एक कषाय कुशील निर्गंथ होते है यथाख्यात संयममें निर्गंथ और सनातक यह दोय निग्रन्थ होते है द्वारम्।

(६) प्रति सेवना—सामा० छदो० मूलगुण (पांच महाव्रत) प्रति सेवी (दोष लगावे) उत्तर गुण (पंढ विशुद्धादि) प्रतिसेवीतथा अप्रति सेवी होते है द्वारम्।

(७) ज्ञान—प्रथमके च्यार संयममें क्रमशः च्यार ज्ञानकि भजना २–३–३–४ यथाख्यातमें पांच ज्ञानकि भजना ज्ञान पढ़ने अपेक्षा सामा० छदो० जघन्य अष्ट प्रवचन उ० १४ पूर्व पढे। परिहार० ज० नौवां पूर्वके तीसरी आचार वस्तु उ० नौ पूर्व सम्पूर्ण, सूक्ष्म० यथाख्यात ज० अष्ट प्रवचन उ० १४ पूर्व तथा सूत्र वितिरक्त हो इतिद्वारम्।

(८) तीर्थ—सामा० तीर्थमें हो, अतीर्थमें हो, तीर्थंकरोंके हो और प्रत्येक बुद्धियोंके होते है। छदो० परि० सूक्ष्म० तीर्थमें ही होते है यथाख्यात० सामायिक संयमवत् च्यारोंमें होते है इतिद्वारम्।

(९) लिंग–परिहार विशुद्धि द्रव्ये और भावें स्वलिंगी; शेष च्यार संयम द्रव्यापेक्षा स्वलिंगी अन्यलिंगी होते है। भावे स्वलिंगी होते इतिद्वारम्।

(१०) शरीर–सामा० छेदो० शरीर ३–४–५ होते है शेष तीन संयममें शरीर तीन होते है वह वैक्रय आहारीक नही करते है द्वारम्।

(११) क्षेत्र–जन्मापेक्षा सामा० सूक्ष्म संपराय, यथाख्यात, पन्दरा कर्म भूमिमें होते है। छदो० परि० पांच भरत पांच हार भरत एवं दश क्षेत्रोंमें होते है। साहारणपेक्षा परिहार० का साहारण नहीं होते है शेष च्यार संयम कर्मभूमि अकर्मभूमिमें भी मीलते है इतिद्वारम्।

(१२) काल–सामा० जन्मापेक्षा अवसर्पिणि कालमें ३-४-५ आरे जन्मे और ३–४–५ आरे प्रवृते। उत्सर्पिणि कालमें २–३–४ आरे जन्मे ३–४ आरे प्रवृते। नोसर्पिणि नोउत्सर्पिणि चोथे पलीभाग (महाविदहे)में होवे। साहारणापेक्षा अन्यपली भाग (३० अकर्मभूमि)में भी मील सके। एवं छेदो० परन्तु जन्म प्रवृतन तथा सर्पिणि उत्सर्पिणि विदेहक्षेत्रमें न हुवे, साहारणापेक्षा सब क्षेत्रोंमें मीले। परिहार० अवसर्पिणि कालमें ३–४ आरे जन्में प्रवृते उत्सर्पिणी कालमें २-३-४ आरे जन्मे ३-४ आरे प्रवृते। सूक्ष्म० यथाख्यात अवसर्पिणिकाले ३-४ आरे जन्मे ३-४ आरे प्रवृते। उत्सर्पिणिकालमें २-३-४ आरे जन्मे ३-४ आरे प्रवृते। नो सर्पिणिनो उत्सर्पिणि चोथापली भागमें भी मीले साहारणापेक्षा अन्य पली भागमें भी लाधे इति द्वारम्।

(१३) गतिद्वार यंत्रसे

संयमके नाम	गति		स्थिति	
	ज०	उ०	ज०	उ०
सामा० छदोप०	सौधर्म कल्प	अनुत्तर वै०	२ पल्यो०	३३ सागरो०
परिहार०	सौधर्म०	सहस्त्र	२ पल्यो०	१८ सागरो०
सुक्षम०	अनुत्तर वै०	अनुत्तर वै०	३१ साग०	३३ सा०
यथाख्या०	अनु०	अनु०	३१ सा०	३३ सा०

देवतावोंमें इन्द्र, सामानिक, तावत्रीसका, लोकपाल, और अहमेन्द्र यह पांच पद्वि है। सामा० छदो आराधि होतों पांचोसे एक पद्विवाला देव हो परिहार विशुद्ध प्रथमकि च्यार पद्विसे एक पद्वि घर हों। सुक्ष० यथा० अहमेन्द्रि पद्विधर हों। जघन्य विराधि होतों च्यार प्रकारके देवोंसे देव होवें। उत्कृष्ट विराधि होतों संसारमंडल। इतिद्वारम्।

(१४) संयमके स्थान—सामा० छेदो० परि० इनतीनों संयमके स्थान असंख्याते असंख्याते है। सुक्षम० अन्तर महुर्तके समय परिमाण असंख्याते स्थान है। यथाख्यानके संयमका स्थान एक ही है। जिस्की अल्पाबहुत्व।

(१) स्तोक यथाख्यात सं०के संयम स्थान।

(२) सुक्ष्म०के संयमस्थान असंख्यातागुने।

(३) परिहारके ,, ,,

(४) सामा० छेदो० सं०स्थ० तुल्य ,,

(१५) निकाशें=संयमके पर्यव एकेक संयमके पर्यव अनंते अनन्ते है। सामा० छेदो० परिहार० परस्पर तथा आपसमें षट्गुन हानिवृद्धि है तथा आपसमे तुल्य भी है। सूक्ष्म० यथाख्यातसे तीनों संयम अनन्तगुने न्यून है। सुक्ष्म० तीनोंसे अनन्तगुन अधिक है आपसमें षट्गुन हानि वृद्धि, यथाख्यातसे अनन्त गुन न्यून है। यथा० च्यारोंसे अनन्तगुन अधिक है। अपसमें तूल्य है। अल्पा बहुत्व।

(१) स्तोक सामा० छेदो०	जघन्य संयम पर्यव आपसमे तुल्य			
(२) परिहार०	ज० सं०	पर्यव	अनंतगुना	
(३) ,,	उत्कृष्ट०	,,	,,	
(४) सा० छे०	,,	,,	,,	
(५) सूक्ष०	ज०	,,	,,	
(६) ,,	उ०	,,	,,	
(७) यथा	ज०उ० आपसमे तुल्य	,,	,,	धारम्

(१६) योग-प्रथमके च्यार संयम संयोगि होते है, यथाख्यात० संयोगि अयोगि भी होते है।

(१७) उपयोग-सुक्ष्म० साकारोपयोगवाले, शेष च्यार संयम साकार अनाकार दोनों उपयोगवाले होते है।

(१८) कषाय-प्रथमके तीनसंयम संज्वलनके चोकमें होता है।

सुक्ष्म० संज्वलनके लोभमें और यथाख्यात० उपशान्त कषाय और क्षिण कषायमें भी होता है।

(१९) लेश्या–सामा० छेदो० में छेओं लेश्या, परिहार० तेजो पद्म शुक्ल तीनलेश्या, सुक्ष्म० एक शुक्ल, यथाख्यात० एक शुक्ल तथा अलेशी भी होते हैं।

(२०) परिणाम–सामा० छेदो० परिहार० में हियमान० वृद्धमान और अवस्थित यह तीनों परिणाम होते हैं। जिस्में हियमान वृद्धमानकि स्थिति ज० एक समय उ० अन्तर महुर्त और अवस्थितकि ज० एक समय उ० सात समय०। सुक्ष्म० परिणाम दोय हियमान वृद्धमान कारण श्रेणि चढते या पढते जीव वहां रहेते है उन्होंकि स्थिति ज० उ० अन्तर महुर्तकि है। यथाख्यात० परिणाम वृद्धमान, अवस्थित जिस्में वृद्धमानकि स्थिति ज० उ० अन्तर महुर्त और अवस्थितकि ज० एक समय उ० देशोनाक्रोड पूर्व (केवलीकि अपेक्षा) द्वारम्।

(२१) बन्ध–सामा० छदो० परि० सात तथा आठ कर्म बन्धे सात बन्धे तो आयुष्य नहीं बन्धे। सुक्ष्म० आयुष्य० मोहनिय कर्म वर्जके छे कर्म बन्धे। यथाख्यात० एक साता वेदनिय बन्धे तथा अबन्ध।

(२२) वेदे–प्रथमके च्यार संयम आठों कर्म वेदे। यथाख्यात० सात (मोहनिय वर्जके) कर्म वेदे तथा च्यार अघातीया कर्म वेद।

(२३) उदिरणा–सामा० छदो० परि० ७–८–६ कर्म

उदिरे० सातमें आयुष्य और छे में आयुष्य मोहनीय वर्जके। सुक्ष्म० ५–६ कर्म उदिरे पांचमें आयुष्य मोहनिय वेदनिय वर्जके। यथाख्या० ५–२ दोय नाम गौत्र कर्मकि उदिरणा करे तथा अनुदिरणा भी है।

(२४) उवसंपज्ञांण–सामा० सामायिक संयमकों छोडे तो० छदोपस्थापनिय सुक्षम संपराय संयमासंयमि (श्रावक) तथा असंयममें जावे। छदो० छदोपस्थापनियकों छोडे तो० सामा० परि० सुक्ष्म० असंयम, संयमासंयममें जावे। परि० परिहार विशुद्धकों छोडे तो छदो० असंयम दो स्थानमें जावे। सुक्ष्म० सुक्ष्मसंपरा-छोडे तो सामा० छदो० यथा० असयममें जावे। यथा० यथाख्यातकों छोडके सुक्ष्म० असंयम और मोक्षमें जावे सर्व स्थान असंयम कहा है वह संयममें कालकर देवतावों मेंजाते है उस अपेक्षा समझना इतिद्वारम्।

(२५) संज्ञा–सामा० छदो० परि० च्यारों संज्ञावाले होते है तथा संज्ञा रहित भी होते है शेष दोनों नो संज्ञा है।

(२६) आहार=नयमके च्यार संयम आहारीक है यथाख्यात स्यात् आहारीक स्यात् अनाहारीक (चौदवागुण०)

(२७) भव=सामा० छदो० परि० जघन्य एक उत्कृष्ट ८ भव करे अर्थात् सात देवके और आठ मनुष्यके एवं १५ भव कर मोक्ष जावे सूक्षम ज० एक उ० तीन भव करे। यक्ष० ज० एक उ० तीन तथा उसी भवमें मोक्ष जावे।

(२८) आगरेस=संयम कितनीवार आते हैं ।

संयम नाम	एकमश पेक्षा		बहुतमशापेक्षा	
	ज०	उ०	ज०	उ०
सामायिक०	१	प्रत्येक सौवार	२	प्रत्येक हजारवार
छेदो०	१	प्रत्येक सौवार	२	साधिक नौसोवार
परिहार०	१	३ तीनवार	२	साधिक नौसोवार
सूक्ष्म०	१	च्यारवार	२	नौ वार
यथाख्यात	१	दोयवा	२	९ वार

(२९) स्थिति–संयम कितने काल रहे ।

संयम नाम	एकजीवापेक्षा		बहुत जीवापेक्षा	
	ज०	उ०	ज०	उ०
सामा०	एक समय	देशोनक्रोड पूर्व	सास्वते	सास्वते
छेदो०	,,	,,	२५० वर्ष	५० क्रो० सा०
परिहार०	,,	२९वर्षोनाक्रो.	दे. दोसोवर्ष	देशोना क्रोड पूर्व
सुक्ष्म०	,,	अन्तरमहूर्त	अन्तरमहूर्त	अन्तर महूर्त
यथा०	,,	देशोनाक्रोडपूर्व	सास्वते	सास्वते

(१) चलन प्रारंभ समयकों चलीया केहना स्थिति क्षयापेक्षा है।

(२) उदीरणा प्रारंभ समयकों उदीरिया कहना=जो कर्म सत्तामें पडा हुवा है परन्तु उदयावलिकामें आनेयोग्य है उस कर्मोंकि अध्यवसायके निमित्तसे उदीरणा करते है। उदीरणा करतेंकों असंख्यात समय लगते है परन्तु यहां प्रारंभ समयको पूर्वके दृष्टांत माफीक समझना चाहिये।

(३) वेदते हुवेके प्रारंभ समयकों वेद्या कहना। जो कर्मउदय आये हो तथा उदीरणा कर उदय आविलकामें लाके प्रथम समय वेदणा प्रारंभ कीया है उसकों पूर्व दृष्टांत माफीक वेद्या ही कहेना।

(४) प्रक्षिण अर्थात् आत्मप्रदेशोंके साथ रहे हुवे कर्म दलक आत्मप्रदेशोंसे प्रक्षिण होनेके प्रारंभ समयको प्रक्षिण हुवा पूर्व दृष्टांत माफीक कहना।

(५) छेदते हुवेकों छेदाया–कर्मोंकि दीर्घकालकि स्थिति-कों अपवर्तन करणसे छेदके लघु करना वह अपवर्तन करण असंख्याते समयका है परन्तु पूर्व दृष्टांत माफीक प्रारंभ समयकों छेद्या कहना।

(६) भेदते हुवेकों भेद्या कहना–कर्मोंके तीव्र तथा मंद रसकों अपवर्तन तथा उपवर्तनकरण करके मंदका तीव्र और तीव्रका मंद करना वह करण असंख्याते समयका है परन्तु पूर्व दृष्टांत माफक प्रारंभ समय भेदते हुवेको भेद्या कहना।

(७) दहते हुवेको दहन कहेना। यहां कर्मरूपी काष्टकों शुक्ल ध्यानरूपी अग्निके अन्दर दहन करते हुवेकों पूर्व दृशांतको माफीक दहन किया ही कहना।

(८) मृत्यु प्रारंभमें मरिया कहना—यहां आयुष्य कर्मका प्रति समय क्षिण होते हुवेकों पूर्वके द्रष्टान्तकि माफीक मूर्या ही कहेना।

(९) निर्ज्जराके प्रारंभ समयकों निर्ज्जर्यो कहना=जो कर्म उदयसे तथा उदीरणासे वेदके आत्म प्रदेशोंसे प्रति समय निर्ज्जरा करी जाती है उस निर्ज्जराका काल असंख्याते समयका है परन्तु यह पूर्व द्रष्टान्तसे प्रारंभ समयकों निर्ज्जर्या कहना इति नौ प्रश्नोंका उत्तर दीया।

(प्र०) हे भगवान्! चलतेको चलीया यावत निर्ज्जरतेके निर्ज्जर्यो यह नौ पदोंका क्या एक अर्थ भिन्न भिन्न उच्चारण भिन्न भिन्न वर्ण (अक्षरों) अथवा भिन्न भिन्न अर्थ भिन्न भिन्न उच्चारण, भिन्न भिन्न वणवाला है।

उ०) हे गौतम! चलते हुवेकों चलीया, उदीरते हुवेकों उदीरीया, वेदते हुवेकों वेदीया और प्रक्षिण करते हुवेकों प्रक्षिण किया यह च्यार पदों एकार्थी है और उच्चारण तथा वर्ण भिन्न भिन्न है यहा पर केवलज्ञान उत्पादापेक्षा है कारण कर्मोका चलना उदीरण तथा उदय हुवेकों वेदना और आत्मप्रदेशोंसे प्रक्षिण करना यह सब पुरुषार्थ पहले नही उत्पन्न हुवे एसे केवलज्ञान पर्यायकों उत्पन्न करनेका ही है वास्ते उत्पन्नपक्षापेक्षा इस च्यारों पदोंका अर्थ एक ही है।

शेष रहे पांच पद (छेदाते हुवेकों छेद्या यावत् निर्ज्जरते हुवेकों निर्ज्जर्या) वह एक दूसरेसे भिन्न अर्थवाले है यह पर विगत पक्षकि अपेक्षा अर्थात् कर्मोंका सर्वथा नाश करना जेसे–

(५) छेदाते हुवेकों छेद्या, तेरवे गुणस्थान रहे हुवे कर्मोकि स्थितिकी घात करते हुवे योग निरुद्ध करते है ।

(६) भेदते हुवेको भेद्या=यह रसघातकि अपेक्षा है परन्तु स्थिति घात करतों रसघात अनन्तगुणी है वास्ते भिन्नार्था है ।

(७) दहन करते हुवेकों दहन किया=यह प्रदेश बन्धापेक्षा है। पांच ह्रस्व अक्षर कालमे शुक्लध्यान चतुर्थ पाये कर्म प्रदेशका दहानापेक्षा होनेसे यह पद पूर्वसे भिन्नार्था है ।

(८) मृत्यु होतेकों मृर्या कहना यह पद आयुष्य कर्मापेक्षा है। आयुष्य कर्मके दलकक्षय जो पुनर्जन्म न हो एसे चरम आयुष्य क्षय अपेक्षा होनेसे-यह पद पूर्वसे भिन्नार्था है ।

(९) निर्जरते हुवेकों निर्जर्या कहेना=सकल कर्मोका क्षयरूप निर्जर पूर्व कबी न करी हुई चौदवे गुणस्थानके चरम समय २ सकल कर्मक्षयरूप होनेसे यह पद पूर्वके पदोंसे भिन्नार्था है ।

इस वास्ते पेहलेके च्यार पद एकार्था और शेष पांच पद भिन्नार्था है ।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम् ।

थोकडा नम्बर २.

सूत्र श्री भगवतीजी शतक १ उद्देशा १

(४५ द्वार)

इस थो॰ड़ेके ४५ द्वार चौवीस दंडक पर उतारा जावेगा, चौवीस दंडकमें प्रथम नार्किके दंडकपर ४५ द्वार उतारे जाते है।

(१) स्थितिद्वार नारकिके नैरियोंकि स्थिति जघन्य दश-हजारवर्ष उत्कृष्ट तेतीस सागरोपमकि है।

(२) साश्वोसाश्वद्वार=नारकिके नेरिया निरान्तर साश्वोसाश्व लेते सो भी लोहारकि धामणकि माफीक शीघ्रतासे।

(३) आहार=नारकिके नैरिये आहारके अर्थी है? हां आहारके अर्थी है।

(४) नारकिके नैरिये आहार कितने कालसे लेते है? नारकिके आहार दोय प्रकारका है (१) अनजानते हुवे (२) जानते हुवे जिस्मे जो अनजानते हुवे आहार लेते हैं वह प्रतिसमय आहारके पुद्गलोंको ग्रहन करते है और जो जानके आहार लेते है वह असंख्यात समय अन्तर महुर्तसे नारकिको आहारकि इच्छा होती है।

(५) नारकि आहार लेते है सो कोणसे पुद्गलोंका लेते है? द्रव्यापेक्षा अनन्ते अनन्त प्रदेशी स्कन्ध, क्षेत्रापेक्षा असंख्याते आकाश प्रदेश अवगाह्या, कालापेक्षा एक समयकि स्थिति यावत् असंख्याता समयकि स्थितिके पुद्गल, भावापेक्षा वर्ण गंध रस स्पर्श यावत २८८ बोल देखो शीघ्रबोध भाग तीजा आहारपद।

(६) नारकि आहारपणे पुद्गल लेते है वह क्या सर्व आहार करे, सर्व परिणमे, सर्व उश्वासपणे परिणमावे, सर्व निश्वासपणे एवं वारवारके ४ एवं कदाचीत्के ४ सर्व १२ बोलपणे परिणमे।

(७) नारकि अपने आहारपणे लेने योग्य पुद्गल है जीस्के असंख्यात भागके पुद्गलोंको ग्रहन करते है और ग्रहन किये हुवे पुद्गलोंमें अनन्तमे भागके पुद्गलोंको अस्वादन करते है।

(८) नारकि जो पुद्गल आहारपणे ग्रहन किया है वह सर्व पुद्गलोंका ही आहार करते है न कि देशपुद्गलोंका।

(९) नारकि जो आहार करते है वह पुद्गल उसके श्रोतेन्द्रिय यावत् स्पर्शेन्द्रियपणे अनिष्ट अकन्त अप्रय अमनोज्ञ यावत् दुःखपणे परिणमते है।

नोट-आहारपदका थोकडा सविस्तार शीघ्रबोध भाग तीजामें ११ द्वारसे लिखा गया है यहांपर सप्रयोजन शास्त्रकारोंने सात द्वारोंको ही ग्रहन किया है वास्ते विस्तार देखनेवालोंको तीजा भागसे देखना चाहिये।

(१०) नारकिके आहार विषय प्रश्न।

(१) आहार किये हुवे पुद्गल प्रणम्या या प्रणमेगा।
(२) आहार किया और करते हुवे पु० प्रणम्या या प्रणमेगा।
(३) आहार न किया और करते हुवे पु० प्रणम्या या प्रणमेगा।
(४) आहार न किया और न करे पु० प्रणम्या या प्रणमेगा।

इस च्यारों प्रश्नोंकि उत्तर

(१) आहार किये हुवे पु० प्रणम्या न प्रणमेगा।
(२) आहार किया और करते हुवे पु० प्रणम्या प्रणमेगा।
(३) आहार न किया और करते हुवे पु० न प्रणम्या प्रणमेगा।
(४) आहार न किया न करे वह न प्रणम्या न प्रणमेगा।

इसपर टीकाकारोंने छ पद किया है (१) आहार किया (२) करे (३) करेगें (४) न किया (५) न करे (६) न करेगें। इस छे पदोंकि ६३ विकल्प होते है यथा–

असंयोगी विकल्प ६.

सं.	विकल्प	सं०	विकल्प
१	भूतकालमे आहारीह्या	२	वर्तमानमे आहार करे
३	भविष्यमे आहार करेंगे	४	भूत० नही आहारीह्या
५	वर्त० नही आहारे	६	भवि० नही आहारेंगा

दो संयोगि विकल्प १५.

१	आहारक नों करे	२	आहारक नों करेंगा
३	,, ,, नही कर्यो	४	,, ,, नही करे
५	,, ,, नही करेंगा	६	आहार करे और करेंगा
७	,, ,, नही कर्यो	८	,, ,, नही करे
९	,, ,, नही करेगा	१०	आहार करेंगा—नही कर्यो
११	,, ,, नही करें	१२	,, ,, नही करेंगा
१३	आहार नही कर्यो नही करे	१४	आहार नही कर्यो नही करेंगा
१५	आहार नहीं करें नहीं करेंगा		

तीन संयोगि विकल्प २०

१	आहार कर्यो करे करेंगा	२	आहार क्रर्यो करे न कर्यो
३	,, ,, ,, नकरे	४	,, ,, करे न करेंगा
५	,, ,, करेंगा न कर्यो	६	,, ,, करेंगा न करे
७	,, ,, करेंगा न करेंगा	८	,, ,, न कर्यो न करेंगा
९	,, ,, न कर्यो न करेंगा	१०	,, ,, न करें न करेंगा
११	आहार करे करेंगा न कर्यो	१२	आहार करे करेंगा न करें
१३	,, करेंगा न करेंगा	१४	,, न कर्यो न करे
१५	,, न कर्यो न करेंगा	१६	,, न करें न करेंगा
१७	आहार करेंगा न कर्यो न करे	१८	आहार करेंगा न कर्यो न करेंगा
१९	,, ,, न करें न करेंगा	२०	न कर्यो न करे न करेंगा

च्यार संयोगि विकल्प १५

१ कर्यो करे करेंगा न कर्यो	२ कर्यो करे करेंगा न करे
३ ,, ,, ,, न करेंगा	४ ,, ,, न कर्यो न करे
५ ,, ,, न कर्यो न करेंगा	६ ,, ,, न करे न करेंगा
७ ,, करेंगा न कर्यो न करे	८ ,, करेंगा न कर्यो न करेंगा
९ ,, ,, न करे न करेंगा	१० ,, न कर्यो न करे न करेंगा
११ करे करेंगा न कर्यो न करे	१२ करे करेंगा न कर्यो न करेंगा
१३ ,, ,, न करे न करेंगा	१४ ,, न कर्यो न करे न करेंगा
१५ करेंगा न कर्यो न करे न करेंगा	

पञ्चसंयोगि विकल्प ६

१ कर्यो	करे	करेगा	न कर्यो	न करे
२ ,,	,,	,,	,,	न करेंगा
३ ,,	,,	,,	न करे	,,
४ ,,	,,	न कर्यो	,,	,,
५ ,,	करेंगा	,,	,,	,,
६ करे	,,	,,	,,	,,

छे संयोगि विकल्प १

१ कर्यो, करे करेंगा न कर्यो न करे न करेंगा ।

इस ६३ विकल्पके स्वामिके अन्दर नरक तथा अभव्य जीव भूतकालमें पुद्गल आहारपणे नहीं ग्रहन किये एसे तीर्थंकरोंके शरीरादिके काममें आये हुवे पुद्गल नरक तथा अभव्यके आहार पण काममें नहीं आसके है इसमें एकमत एसा है कि वह पुद्गल उसी रूपमें नरकादिके काम नहीं आसके। दुसरा मत है कि रूपान्तरमें भी काममें नहीं आसके । 'तत्व केवली गम्यं' ।

(११) नारकिके नैरिये आहारकी माफीक पुद्गल एकत्र करते है वह भी आहारकि माफीक चौभांगी प्रणम्य प्रणमे प्रणमेगा पूर्ववत् ६३ विकल्प "चय"।

(१२) एवं उपचयकि भी चौभागी और पूर्ववत् ६३ विकल्प।

(१३) एवं उदीरणा (१४) एवं वेदना (१५) निज्जरा यह तीन द्वार कर्मोकि अपेक्षा है। अनुदय कर्मोके उदीरणा, उदय तथा उदीरणाकर विपाक आये कर्मोकों वेदना. वेदीये हुवे कर्मोकि निज्जरा करना इस्का भी पूर्ववत् च्यार च्यार भांग समझना।

(१६) नारकिके नैरिया कितने प्रकारके पुद्गलोंके भेदाते है?

कर्मद्रव्योंकि अपेक्षा दोय प्रकारके पुद्गल भेदाते है (१) बादर (२) सूक्ष्म भावार्थ अपवर्तन कारण (अध्यवसायके निमत्त) से कर्मोके तीव्र रसको मंद करना तथा उद्धवर्तन करणसे कर्मोके मंद रसकों तीव्र करना अर्थात् न्यूनाधिक करना। यहांपर सामान्य सुत्र होनेसे पुद्गल भेदाना कहा है। कम पुद्गल यद्यपि बादर ही है परन्तु यहां बादर और बादरकि अपेक्षा सूक्ष्म कहा है परन्तु यहां जो सूक्ष्म है वह भी अनन्ते अनन्त प्रदेशी स्कन्धका ही भेद होते है। एवं (१७) पुद्गलोंका चय (एकत्र करना) एवं (१८) उपचय (विशेष घन करना) यह दोय पद आहार द्रव्य अपेक्षा कहेना। एवं (१९) उदीरणा (२०) वेदना (२१) निज्जरा यह तीन पद कर्म द्रव्यापेक्षा पूर्व भेदाते कि माफीक समझना। आत्माव्यवसायके निमत्तसे अपवर्तन उद्धवर्तन करते हुवे जीव स्थितिघात तथा रसघात करे इसी माफीक स्थिति वृद्धि तथा रसवृद्धि करते है।

(२२) उवट्टीता=अपवर्तनद्वारा कर्मों कि स्थितिको न्यून करना उपलक्षणसे उद्धवर्तन द्वारा कर्मों कि स्थितिकी वृद्धि करना यह सूत्र तीन कालापेक्षा है (२२) भूतकालमे करी (२३) वर्तमानकालमें करे (२४) भविष्यकालमे करेगा ।

(२५) संक्रमण=मूल कर्म प्रकृतिसे भिन्न जो उत्तरकर्म प्रकृति एक दुसरी प्रकृतिके अन्दर-संक्रमण करना इसमे भी अध्यवसायोंका निमत्त कारण है जेसे कोइ जीव साता वेदनिय कर्मको वेद रहा है अशुभ अध्यवसायोंके निमत्त कारणसे वह साता वेदनियका संक्रमण असातावेदनियमे होता है अर्थात् वह सातावेदनिय भी असातामें सक्रमण हो असाता विपाकको वेदता है । इस्को भी तीन काल (२५) भूतकालमें संक्रमण किया (२६) वर्तमानमें संक्रमण करे (२७) भविष्यमे संक्रमण करेगा ।

(२८) निधत्तद्वार अध्यवसायके निमत्त कारणसे कर्म पुद्गलोंको एकत्र करना उसमें अपवर्तन उद्धवर्तनसे न्यूनाधिक करना उसे निधत्त केहते है जैसे सुइयोंके भारोंको अग्निमें तपाके उपर चोट न पडे वहांतक निधत्त अर्थात न्यूनाधिक हो सके है एसा निधत्त भी जीव तीनों कालमे करे कर्यो करेगा ।३०।

(३१) निकाचित्-पूर्वोक्त कर्म दलक एकत्र कर घन बंधन जेसे तपाइ हुइ सुइयोंपर चोट देनेसे एक रूप हो जाती है उसमे सामान्य करण नही लग सक्ते है वह भी तीन कालापेक्षा निकाचीत् कर्मा करे करेगा ॥ ३३ ।

(३४) नारकिके नैरिये तेजस कारमाण शरीरपणे पुद्गल ग्रहन करते है वह क्या भूतकालके समयमें वर्तमान कालके समयमे

भविष्य कालके समयमें ग्रहन करते है ? भूत कालका समय नष्ट हो गया । भविष्य कालका समय अब आवेगा वास्ते भूत भविष्य निरर्थ होनेसे वर्तमान समयमें ग्रहन करते है ।

(२५) नारकिके नैरिये तेजस कारमाण पणे जो पुद्गलोंकि उदीरणा करते हैं वह भूतकालके समयमें ग्रहन किये पुद्गलोंकि उदीरणा करते है परन्तु वर्तमान तथा भविष्य समयकि उदीरणा नही करते है कारण वर्तमानमे तो ग्रहन किया है उसकि उदीरणा नही होती है । भविष्यका समय अबी तक आया भी नही है वास्ते उदीरणा भूतकालकि होती है (२६) एवं वेदना (२७) एवं निर्ज्जरा यह तीनों भूतकाल समय अपेक्षा है ।

(२८) नारकिके नैरिये कर्मबन्धते है वह क्या चलीत कर्मोको बन्धते हैं या अचलीत कर्मोको बन्धते हैं ? चलीत कर्मोको नहीं बंधते है कारण आत्मप्रदेशोंसे चलीत हुवे है वह कर्म वेदके निर्ज्जरा करणे योग्य है इसी वास्ते चलीत कर्म नहीं बांधे किंतु अचलीत कर्मोको बन्धते है एवं (२९) उदीरणा (४०) वेदना (४१) अपवर्तन (४२) संक्रमण (४३) निधस (४४) निकाचीत यह सब अचलीत कर्मोके होते है ।

(४५) हे भगवान् । नारकि कर्मोकि निर्ज्जरा करते है वह क्या चलीत कर्मोकि करते है या अचलीत कर्मोकि करते है ।

(उ) हे गौतम नारकि जो कर्मोकि निर्ज्जरा करते है वह चलीत कर्मोकि करते है किंतु अचलीत कर्मोकि निर्ज्जरा नही होती है । भावार्थ आत्मप्रदेशोंमें स्थित रहे हुवे कर्मोकि निर्ज्जरा नहीं हुवे परन्तु आत्म पदेशोंसे कर्म प्रदेश स्थिति पूर्णकर चलीत

होके उदयमें आवेगा वह प्रदेशों यथा विपाकों कर्म वेदा जावेगा तब वेदीया हुवे कर्मोंकि निर्ज्जरा होगा वास्ते चलीत कर्मोंकि ही निज्जरा होती है इति एक नारक दंडकपर ४५ द्वार हुवे वह अब २४ दंडक पर उतारा जाता है।

स्थिति चौवीस दंडकोंकि देखों प्रज्ञापन्ना सूत्र पद चोथा, शीघ्रबोध भाग १२ वां में।

साश्वोसाश्व देखो प्रज्ञापन्ना सूत्र पद ७ वा शीघ्रबोध भाग २ में। आहारके सात द्वार देखों प्रज्ञापन्ना सूत्र पद २८वां शीघ्रबोध भाग तीजामें।

शेष ३६ द्वार जैसे उपर नारकीके द्वार लिख आये हैं इसी माफीक चौवीस दंडकमें निर्विशेष समझना इति चौवीस दंडकपर ४५ द्वार। इस थोकडेकों सुख दीर्घ द्रष्टीसे विचारों।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकडा नम्बर ३।

श्री भगवतीजी सूत्र शतक १ उदेशा १

(प्र) हे भगवान ! ज्ञान है सो इस भवमें होते है ? परभवमें होते है उभय भवमें भी होते है।

(उ) हे गौतम ! ज्ञान इस भवमें भो होते है परभवमें भी होते है। भावार्थ–ज्ञान है सो क्षोपसम भावमें है जहांपर ज्ञानावर्णीय कर्मका क्षोपशम होता है वहां पर ही ज्ञान होता है। इस भव (मनुष्य)में जो पठन पाठन कर ज्ञान किया है वह देवगतिमें जाते समय साथमें भी चल सके है तथा वहां जानेके बाद भी नया ज्ञान होसके है। अर्थात्

देवतावोंमें भी ज्ञान विषय तत्व विषय चर्चा वार्तावों होती रहती है। वास्ते तीनों स्थानपर ज्ञान होते है।

(प्र) हे भगवान् ! दर्शन (सम्यक्त्व) है सो इसी भवमें है ? पर भवमें है ? तथा उभय भवमें है ?

(उ) हे गौतम ! दर्शन इस भवमें भी होते है। परभवमें भी होते है। उभय भवमें भी होते है। भावार्थ–इस भवमें मुनियोंकि देशना श्रावणकर तत्व पदार्थकों जाननेसे दर्शनकि प्राप्ती होती है पर भवमें भी वहुतसे मिथ्यात्वी देवता चर्चा वार्ता करते हुवे दर्शन प्राप्ती कर सक्के है तथा इस भवमें दर्शन उपार्जन कीया हुवा पर भवमें साथ भी ले जासक्के है।

(प्र) हे भगवान् । चारित्र (निवृतिरूप) इस भवमें है ? पर भवमें है ? उभय भवमें हैं ?

(उ) हे गौतम चारित्र है सो इस भवमें है परन्तु परभवमें नहीं है और यहांसे परभव साथमें भी नहीं चल सक्का है अर्थात मनुष्यके सिवाय देवादि गतिमें चारित्र नहीं होते है।

(प्र) हे भगवान् । तप है सो इस भवमें होते है ? परभवमें हैं। उभय भवमें है।

(उ) तप है सो इस भवमें होते है परन्तु परभवमें तथा उभय भवमें नहीं होते है पुर्ववत् नमुकारसी आदि तपश्चर्या मनुष्यके भवमें ही हो सक्ती है।

(प्र) हे भगवान् । संयम (पृथ्व्यादिका संरक्षणरूप १७ प्रकार) इस भवमें है यावत् उभय भवमें है ?

(उ) संयम इस भवमें है शेष पूर्ववत्। संयमका अधिकारी केवल मनुष्य ही है।

(प्र) हे भगवान्। असंवृत आत्माके धारक मुनि मोक्ष जातेहै?

(उ) हे गौतम ! असंवृत अनगार मोक्षमें नहीं जाते है।

(प्र) कौन कारणसे ?

(उ) असंवृत अनगार जो आयुष्यकर्म छोडके शेष सातकर्म शीतल बन्धे हुवेको घन बन्धन करे। स्वल्प कालकि स्थितिवाले कर्मोंको दीर्घ कालकि स्थितिवाला करे। मंदरसवाले कर्मोंको तीव्र रसवाले करे। और स्वल्प प्रदेशवाले कर्मोंको प्रचुर० प्रदेशवाला करे। आयुष्य कर्म स्यात् वान्धे स्यात न भी बन्धे (पूर्व बन्धा हुवा हो) असाता वेदनिय कर्म वार वार बन्धे और जिस संसारकि आदि नहीं और अन्त भी नहीं एसा संसारके अन्दर परिभ्रमन करे इस वास्ते असंवृत मुनि मोक्ष नहीं जासक्ते है।

(प्र) हे भगवान्। संवृत आत्मा धारक मुनि मोक्षमें जासक्ते है ?

(उ) हां गौतम। संवृत आत्मा धारक मुनि मोक्षमें जासक्ते है।

(प्र) क्या कारण है ?

(उ) संवृत आत्मा धारक मुनि आयुष्य कर्म वर्जके सात कर्म घन बन्धा हुवा होते उसको शीतल करे। दीर्घ कालकि स्थितिको स्वल्प काल करे। तीव्र रसको मंद रस करे। प्रचुर प्रदेशोंको स्वल्प प्रदेश करे असाता वेदनी नहीं बान्धे। आदि अन्त रहीत जो ' दीर्घ रस्तेवाला संसार समुद्र शीघ्रता पूर्वक तीरके

१ पांच इंद्रियो और मनद्वारा आता हुवा आश्रवद्वारोंका निरुद्ध नही कीया है।

पारगत अर्थात् शरीरी मानसी सर्व दुःखोंका अन्तकर मोक्षमें जावे।

श्री भगवती सुत्र शतक २ उद्देशा १

(प्र) हे भगवान्। स्वयं कृत दुःखकों भगवते है।

(उ०) हे गौतम। कोइ जीव भोगवे कोइ जीव नही भी भोगवे। हे प्रभो इसका क्या कारण है! हे गौतम जीस जीवोंके उदयमें आया है वह जीव कृत कर्म भोगवते है और जीस जीवोंके जो कृतकर्म सत्तामें पडा हुवा है अवाधा काल पूर्ण परिपक नही हुवा है अर्थात उदयमें नही आया है वह जीव कृतकर्म नही भी भगवते है इस अपेक्षासे कहा जाते है कि कोइ जीव भोगवे कोइ जीव नही भी भोगवे। इसी माफीक नरकादि २४ दंडक भी समझना। जैसे यह एक वचन अपेक्षा समुच्चय जीव और चौवीस दंडक एवं २५ सुत्र कहा है इसी माफीक २५ सुत्र बहु वचन अपेक्षा भी समझना। एवं ५० सुत्र।

(प्र०) हे भगवान्। जीव अपने बन्धाहुवा आयुष्य कर्मकों भोगवते है।

(उ०) हां गौतम। जीव स्वयं बान्धा हुवा आयुष्य कर्मकों स्यात् भोगवे स्यात् नही भी भोगवे। हे प्रभो इस्का क्या कारण है? हे गौतम जीस जीवोंके आयुष्य उदयमें आया है वह भोगवते है और जिस जीवोंके उदयमें नही आया है वह नही भोगवते है एवं नरकादि २४ दंडक भी समझना। इसी माफीक बहुवचनके भी २५ सूत्र समझना इति।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकड़ा नम्बर ४.

सूत्र श्री भगवतीजी शतक १ उद्देशा ३.

(आस्तित्व)

(प्र) हे भगवान्। आस्ति पदार्थ आस्तित्व पणे परिणमें और नास्तिपदार्थ नास्तित्व पणे परिणमे।

(उ) हां गौतम आस्ति पदार्थ आस्तित्व पणे परिणमें और नास्ति पदार्थ नास्तित्व पणे परिणमें।

भावार्थ–जैनसिद्धान्त अनेकान्तवाद स्याद्वाद संयुक्त है वास्ते यहांपर सापेक्षा वचन है। जैसे अंगुली अंगुली पणेके भावमे आस्तित्व है और अंगुली अंगुष्टादिके भावमें नास्तित्व है वास्ते अंगुली अंगुलीके भावमें आस्तित्व परिणमते है इसी माफीक जीव जीवके ज्ञानादि गुण पणे आस्तित्व भाव परिणमते है इसी माफीक वस्तु वस्तुके भाव पणे आस्तित्व है। नास्ति नास्तित्वपणे परिणमें जेसे गर्दभ शृंग यह नास्ति नास्ति पणे परिणमते है इसी माफीक जीवके अन्दर जडता भाव नास्ति है नास्ति भाव पणे परिणमते है इत्यादि।

प्र० हे भगवान ! जो आस्ति आस्तित्व पणे परिणमे और नास्ति नास्तित्वपणे परिणमते हैं तो क्या प्रयोगसे परिणमते हैं या स्वभावसे परिणमते है।

(उ) हे गौतम : जीवके प्रयोगसे भी परिणमते है और स्वभावसे भी परिणमते है। जेसे अंगुली ऋजु है उसको जीव प्रयोगसे वक्र करते है यह जीव प्रयोगसे तथा बादला प्रमुख यह

स्वभावसे परिणमते है। इसी माफीक कीतनेक पदार्थ आस्ति आस्तित्वपणे जीवके प्रयोगसे परिणमते है कितनेक पदार्थ आस्ति आस्तित्व स्वाभावे परिणमते है। एवं नास्ति नास्तित्वपणे भी जीव प्रयोग तथा स्वभावे भी परिणमते है यहां तात्पर्य वह है कि स्वगुनापेक्षा आस्ति आस्तित्व परिणमते है और पर गुनापेक्षा नास्ति नास्तित्व परिणमते है। इसी माफीक दोय अलापक गमन करनेके भी समझना।

काक्षा मोहनिय कर्मका अधिकार भाग १६ वा मे छवा हुवा है परन्तु कुच्छ संबन्ध रह गया था वह यहांपर लिखाजाते है।

(प्र) हे भगवान। जीव कांक्षा मोहनिय कर्मकि उदीरणा स्वयं कर्ता है स्वयं ग्रहना है कर्ता है स्वयं सबरना है।

(उ) हां गौतम। उदिरणा ग्रहना संवरना जीव स्वयं ही करता है।

(प्र) अगर स्वयं जीव उदीरणा कर्ता है तो क्या उरत कर्मोकि उदीरणा करे, अनुदीरत कर्मो के उदीरणा करे। उदय आने योग्य कर्मोकि उदीरणा करे। उदय समयके पश्चात अणन्तर समयकी उदीरणा करे।

(प्र) हे गौतम; तीन पद उदीरणाके अयोग्य है किन्तु उदय आने योग्य कर्म है॥

उसी कर्मोकि उदीरणा करते है।

(प०) उदीरणा करते हैं वह क्या उत्स्थानादिसे करते है या अनुत्स्थानादिसे करते है १ उत्स्थानादिसे उदीरणा करते है। किन्तु अनुत्स्थानादिसे उदीरणा नहीं होती है।

(प्र०) हे भगवान्! जीव कर्मोंको उपशमाते है वह क्या उदीरत कर्मोंको, अनुदीरत कर्मोंका, उदय आने योग कर्मोंका, उदय समय पश्चात् अणन्तर समयको उपशमाते हैं ?

(उ०) हे गौतम! अनुदय कर्मोंका उपशम होता है अर्थात् उदय नहीं आये एसे सतामें रहे हुवे कर्मोंको उपशमाते है वह उत्स्थानादिसे उपशमाते हैं एवं कर्मोंको वेदते है परन्तु उदय आये हुवे कर्मोंको वेदते है एवं निर्ज्जरा परन्तु उदय अणान्तर पुर्वक्त समय अर्थात् उदय आये हुवेको भोगवनेके बाद कर्मोंकि निर्ज्जरा करते है इस सब पदके अन्दर उत्स्थानादि पुरुषार्थसे ही करते है। यहां गोसालादि नित्य बादीयों जो उत्स्थान बल कम्म वीर्य और पुरुषार्थको नहीं मानते है उन्हीं बादीयोंके मतका निराकार कीया है। इति।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकडा नम्बर ९

सूत्र श्री भगवतीजी शतक १ उद्देशो ४

(वीर्य विषय प्रश्नोतर)

(प्र०) हे भगवान। जीव जीवोंने पूर्व मोहनि कर्म संचय, किया है वह वर्तमानमे उदय होनेसे जीव परभव गमन करे।

(उ०) हे गौतम। पूर्व आयुष्य क्षय होनेपर परभव गमन करते है।

(प्र०) वह जीव परभव गमन करता है वो क्या वीर्यसे करता है।

(उ०) हाँ, वीर्यसे ही परभव गमन करता है । अवीर्यसे नहीं ।

(प्र०) वीर्यसे करते है तो क्या बालवीर्यसे पंडितवीर्यसे बालपंडित वीर्यसे परभव गमन करते है ।

(उ०) हे गौतम । पंडितवीर्य साधुवोंके और बालपंडित वीर्य श्रावकोंके होते है इसमे परभव गमन नही करते है क्यु कि परभव गमन समय जीवोंके पहेलो दुसरो और चोथो यह तीन गुणस्थान होते है वह तीनों गुण० बालवीर्य धारक है वास्ते परभव गमन बालवीर्यसे ही होते है ।

(प्र०) पूर्व मोहनिय कर्म किया । वह वर्तमानमे उदय होनेपर जीव उच्च गुणस्थानसे निचे गुणस्थानपर जा सक्ते है ।

(उ०) हाँ मोहनिय कर्मोदयसे निचे गुण० आ सक्ता है ।

(प्र०) तो क्या बालवीर्यसे पंडितवीर्यसे या बालपंडितवीर्यसे!

(उ०) पंडितवीर्य तथा बालपंडितवीर्यसे निचा नही आवे ! किन्तु बालवीर्यसे उच्च गुणस्थानसे निच गुणस्थान जावे । वाचनान्तरमें बालपंडित वीर्यसे भी आना कहा है कारण मोहनिय (चारित्र मोहनि) कर्मका प्रबल उदय होनेसे साधु हुवा भी देशव्रतमे आवे वहासे फीर नीचेके गुणस्थान आवे, भावार्थ है, इसी माफीक मोहनिय उपशमका भी दो सूत्र समझना परन्तु परभव गमन पंडितवीर्यसे और निच गुणस्थान बालवीर्यसे समझना ।

(प्र०) हे भगवन् । जीव हीन गुणोंको प्राप्त करता है वह क्या आत्मभावोंसे करता है या अनात्मभावोंसे ।

(उ०) आत्मभाव करके हीन गुणोंको प्राप्त करता है ।

(प्र०) जीव मोहनिय कर्म वेदतों हीन गुणस्थान क्यो जाता है ।

(उ०) प्रथम जीव सर्वज्ञ कथित तत्त्वोंपर श्रद्धा प्रतीत रखता था फीर मोहनिय कर्मका प्रबलोदय होनेसे । जिन वचनोंपर श्रद्धा नही रखता हुवा अनेक पाषंडपरूपीत असत्य वस्तुको सत्य कर मानने लग गया । इस कारणसे जीव मोहनिय कर्म वेदतों हीन गुणस्थान जाता है ।

(प्र) हे करूणासिन्धु । जीव नरक तीर्यच मनुष्य और देवतावोंमें किया हुवे कर्म वीनों भुक्ते मोक्ष नहीं जाते है ।

(उ) हां च्यार गतिमें किये कर्म भोगवनेके सिवाय मोक्ष नहीं जाते है ।

(प्र) हे भगवान् ! कितनेक एसे भी जीव देखनेमें आते है कि अनेक प्रकारका कर्म काते है और उसी भवमें मोक्ष जाते है तों वह जीव कर्म कीस भगे भोगवते है ।

(उ) हे गौतम । कर्मोंका भोगवना दोय प्रकारसे होता है (१) आत्मप्रदेशोंसे (२) आत्मप्रदेशों विपाकसे, जिस्में विपाक कर्म तों कोई जीव भोगवे कोई जीव नहीं भी भोगवे । और प्रदेशोंसे तों आवश्य भोगवना ही पडता है कारण कर्म बन्धमे तथा कर्म भोगवनमें अध्यवसाय निरत्त कारणभूत है जेसे कर्म बन्धा हुवा है और ज्ञान ध्यान तप मयादिसे दीर्घ कालकि स्थितिवाले कर्मोंका आकर्षन कर स्थितिघात रसघात कर प्रदेशों भोगवके निर्जरा कर देवे है इस बातकों सर्वज्ञ अरिहंत अपने केवल ज्ञानसे जानते है, केवल दर्शनसे देखते है कि यह जीव उदय आये हुवे

तथा उदिरणा करके वीपाकसे या प्रदेशसे कर्म भोगवते है इस वास्ते "जं जं भगवया दीट्ठा तं तं परिणमस्सन्ति"

(प्र०) हे भगवान ! भूत भविष्य वर्तमान इन तीनों कालमें जीव और पुद्गल सास्वता कहा जाते है ।

(उ०) हां गौतम जीव पुद्गल स्कन्ध सदेव सास्वता है ।

(प्र०) हे दयाल । भूतकालमें, छद्मस्त जीव केवल (सम्पूर्ण) संयम, संवर, ब्रह्मचार्य प्रवचन पालके जीव सिद्ध हुवा है ।

(उ०) नही हुवे । कारण यह कार्य छद्मस्त वीतरागके भी नहीं हो सक्के है परन्तु अंतिम भवी अन्तिम शरीरी होते है उन्होंको प्रथम केवल ज्ञान केवल दर्शन उत्पन्न होते है फीर वह जीव सिद्ध होते है यह वात भी जो अरिहंत अपने केवल ज्ञानसे जानते है देखते है कि यह जीव चरम शरीरी इस भवमें केवल ज्ञान प्राप्त कर मोक्ष जावेगा । इति शम् ।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम् ।

थोकडा नम्बर ६.

सूत्र श्री भगवतीजी शतक २ उदेशा ६

(प्र) हे भगवान । उदय होता सूर्य जितने दूरसे द्रष्टीगोचर होता है इतना ही अस्त होता सूर्य द्रष्टीगोचर होता है ?

(उ) हां गौतम ! उदय तथा अस्त होता सूर्य बराबर द्रष्टीगोचर होते है कारण सूर्यकि उत्कृष्ट गति कर्क शक्रान्त उदय ४७२६३ = $\frac{२१}{६०}$ इतने योजनसे उदय होता द्रष्टीगोचर होता है ४७२६३ = $\frac{२१}{६०}$ इतने योजन सूर्य अस्त समय भी द्रष्टीगोचर होता

है । इसी माफीक सुर्य उदय समय जीतने क्षेत्रमें प्रकाश करे उद्योत करे यावत् ताप तपावे इतना ही क्षेत्रमें अस्त समय प्रकाश यावत् ताप करे है ।

(प्र) हे भगवान् । सुर्य प्रकाश करे है वह क्या स्पर्श क्षेत्रमें करते है या अस्पर्श क्षेत्रमें करते है ? स्पर्श किये हुवे क्षेत्रमें प्रकाश करते है वह नियमा छे दिशीमें प्रकाश करते है ।

(प्र) हे भगवान् । सुर्य क्या स्पर्श क्षेत्रको स्पर्श करते है या अस्पर्श क्षेत्रको स्पर्श करते है ? स्पर्श क्षेत्रको स्पर्श करते है किंतु अस्पर्श क्षेत्रको स्पर्श नही करते है ।

(प्र) हे भगवान । लोकका अन्त अलोकके अन्तसे स्पर्श किया हुवा है ? अलोकका अन्त लोकके अन्तको स्पर्श किया है ?

(उ) हां गौतम, लोकका अन्त । अलोकके अन्तको और अलोकका अन्त लोकके अन्तको स्पर्श किया हुवा है । वह भी स्पर्श किये हुवेको स्पर्श किया है वह भी नियमा छे दिशोंके अन्दर स्पर्श किये है ।

(प्र) हे भगवान् । द्विपका अन्तको सागरका अन्त स्पर्श किया है । सागरका अन्तको द्वीपका अन्त स्पर्श किया है ?

(उ) हां गौतम । पूर्ववत् यावत् नियमा छे दिशोंमें स्पर्श किया है एवं नद्यान्तसे स्पर्शांत एवं वस्त्रके छेद्र आदि बोलोंका संयोग करना यावत् नियमा छे दिशोंको स्पर्श किया है ।

(प्र) हे भगवान् । समुच्चय जीव अपेक्षा प्रश्न करते है कि जीव प्राणातिपातकि क्रिया करते है ।

(उ) हां गौतम । जीव प्राणातिपातकि क्रिया करते है ।

(प्र) प्रणातिपातकि क्रिया करते है तों क्या स्पर्शसे करते है या अस्पर्शसे करते है।

(उ) क्रिया करते है वह स्पर्शसे करते है न कि अस्पर्शसे परन्तु अगर व्याघात (अलोककि) हो तो स्यात्। तीन दिशा, च्यार दिशा, पांच दिशा, और निर्व्याघ्रत हो तों नियमा छे दिशावोंकों स्पर्श क्रिया करते है।

(प्र) हे भगवान्। जीव क्रिया करते है वहा क्या कृत क्रिया है या अकृत क्रिया है।

(उ) कृत क्रिया है परन्तु अकृत नही है।

(प्र०) हे भगवान ! अगर कृत क्रिया है तो क्या आत्मकृत परकृत उभयकृत क्रिया है।

(उ०) आत्मकृत क्रिया है किन्तु परकृत उभयकृत क्रिया नहीं है।

(प्र०) स्वकृत क्रिया है तो क्या अनुक्रमे है या अनुक्रम रहित है ?

(उ०) अनुक्रमसे क्रिया है अनुक्र रहित क्रिया नहीं है। जो क्रिया करी है करते है और करेंगा वह सब अनुक्रम ही है। भावार्थ क्रिया अनुक्रमसे ही होती है परन्तु अनानुक्रम नहीं होती है। क्रियामें कालकि अपेक्षा होती है और काल हे सो प्रथम समय निष्ट होने पर दुसरा तीसरादि क्रमःसर होते है इत्यादि। एवं नरकादि २४ दंडक परन्तु समुच्चय जीव और पांच स्थावरमें व्याघातापेक्षा स्यात् तीन दिशा, च्यार दिशा, पांच दिशा और निर्व्याघात अपेक्षा छे दिशा तया शेष १९ दंडकमें भी छे दिशावोंमें

क्रिया करे । एवं प्रणातिपात क्रिया समुच्चय जीव और चौवीस दंडक २५ अलापक हुवे इसी माफीक मृशावाद, अदत्तादान, मैथुन, परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोम, राग, द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशुन, परपरावाद, रति, अरति, माय, मृषावाद, मिथ्यादर्शन, शल्य एवं १८ पापस्थानकि क्रिया समुचयजीव और चौवीस दंडकके प्रत्यक दंडकके जीव करनेसे पंचविसको अठारे गुणा करनेसे ४५० अलापक होते है । इति

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सचम् ।

थोकडा नम्बर ७

श्री भगवती सूत्र श० १ उ० ७

जो जीव जिस गतीका आयुष्य बांधा है और भावी उसी गतीमें जानेवाला है उसको उसी गतीका कहना अनुचित नहीं कहा जाता जैसे मनुष्य तिर्यचमें रहा हुवा जीव नारकीका आयुष्य बांधा हो उसको अगर नारकी कहा जाय तो भी अनुचित नहीं । नारकीमें जानेवाला जीव अपने सर्व प्रदेशोंको "सर्व" कहते है और नारकीमें उत्पन्न होनेके सम्पूर्ण स्थानको 'सर्व' कहते है यह इस थोकडे द्वारा बतलाया जायगा ।

(प्र०) नारकीका नैरीया नारकीमें उत्पन्न होते हैं वे क्या—

(१) देशसे देश उत्पन्न होते है । जीवके एक भागके प्रदेशको देश कहते हैं और यहां नारकी उत्पन्न स्थानके एक विभागको देश कहते हैं ।

(२) देशसे सर्व उत्पन्न होते हैं ?

(३) सर्वसे देश उत्पन्न होते है ?

(४) सर्वसे सर्व उत्पन्न होते है ?

(उ०) सर्वसे सर्व उत्पन्न होते है शेष तीन मार्गोसे उत्पन्न नहीं होते एवं २४ दंडक भी सर्वसे सर्व उत्पन्न होते हैं (१) और निकलनेकी अपेक्षा भी नरकादि २४ दंडकके सर्वसे सर्व निकलते हैं। (२)

(प्र०) नारकी नारकीमें उत्पन्न हुवे है वे क्या पूर्वोक्त ४ मार्गोसे उत्पन्न हुवे है ?

(उ०) पूर्वोक्त सर्वसे सर्व उत्पन्न हुवे है एवं नरकादि २४ दंडक (३) इसी माफीक निकलनेका भी २४ दंडकमें सर्वसे सर्व निकलते है। (४)

(प्र०) नारकी नारकीमें उत्पन्न होते समय आहार लेते है वे क्या (१) देशसे देश (२) देशसे सर्व (३) सर्वसे देश (४) सर्वसे सर्व आहार लेते है ?

(उ०) देशसे देश और देशसे सर्व आहार नहीं लेते किन्तु सर्वसे देश और सर्वसे सर्व आहार लेते है। कारण उत्पन्न होते समय जो आहारका पुद्गल लेना है जिसमें कितनेक भागका पुद्गल विना आहारे भी निष्ट होते है इस लिये तीसरा भांगा स्वीकार किया है एवं चौवीस दंडक (१) एवं निकले तो (२) एवं उत्पन्न हुवेका (३) एवं निकलने पर भी (४)

जैसे २४ दंडकपर उत्पन्नका च्यार द्वार और आहारका च्यार द्वार देशसे देश अपेक्षाका है इसी माफीक ८ द्वार अद्धासे अद्धाका भी समझ लेना।

(प्र०) नारकी नारकीमें उत्पन्न होता है वह क्या (१) अद्धासे अद्धा उत्पन्न होता है (२) अद्धासे सर्व (३) सर्वसे अद्धा (४) सर्वसे सर्व उत्पन्न होता है ?

(उ०) जैसे पूर्वोक्त आठ द्वार कहे हैं वैसे ही प्रथम उत्पन्न कालमें चौथा भांगा और आहारमें तीसा, चौथा भांगेसे कहना। इति २४ दंडक पर १६–१६ द्वार करनेसे ३८४ भांगे होते हैं।

(प्र०) हे भगवान् ! जीव विग्रह गतीवाला है या अविग्रह गतीवाला है ?

(उ०) स्यात विग्रह गतीवाला है स्यात अविग्रह गतीवाला भी है एवं नरकादि २४ दंडक भी समझ लेना।

(प्र०) घणा जीव क्या विग्रह गतीवाला है कि अविग्रह गतीवाला है ?

(उ०) विग्रह गतीवाला भी घणा अविग्रह गतीवाला भी घणा।

(प्र०) नारकीकी पृच्छा ?

(उ०) नारकीमें (१) अविग्रह गतीवाला सास्वता (स्थानापेक्षा) (२) अविग्रह गतीवाला घणा, विग्रह गतीवाला एक (३) अविग्रह गतीवाला घणा और विग्रह गतीवाला भी घणा एवं तीन भांगा हुवा इसी माफक प्रत्र जीवोंके १९ दंडकमें ३–३ भांगे लगानेसे ५७ भांगे हुवे और पांच स्थावर समुच्चयकी माफक अर्थात विग्रह गतीवाला भी घणा और अविग्रह गतीवाला भी घणा। पूर्वोक्त ३८४ और ५७ मिलके कुल भांगा ४४१ हुवा।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकडा नं० ८

श्री भगवती शतक १ उ० ७

(गति)

(प्र०) हे भगवान ! देवता मोटी ऋद्धि, क्रांती, ज्योती, वाला, सुख और महानुभाव अपने चवन कालको जानके सरमावे (लज्जा पामे) अरती करे स्वल्प काल तक आहार भी न ले और पीछे क्षुधा सहन न करता आहार करे, शेष आयुष प्रक्षीन होनेपर मनुष्य या तिर्यंच योनीमें उत्पन्न होवे ?

(उ०) देवता अपना चवन कालको जानेके पूर्वोक्त चिन्ता करे कारन देवता सम्बन्धी सुख छोडने कर मनुष्यादिकी अशुची पदार्थ वाली योनीमें उत्पन्न होना पडेगा और वहां वीर्य रौद्रका आहार लेना होगा इस वास्त सरमावे, घ्रगा करे, अरती वेदे फिर आयुष्य क्षय होनेपर मनुष्य या तिर्यचमें अवतरे ।

(प्र०) हे भगवान । गर्भमें जीव उत्पन्न होता है वह क्या इन्द्रिय सहित या इन्द्रिय रहित उत्पन्न होता है ।

(उ०) द्रव्येन्द्रिय (कान, नाक, नेत्र, रस, स्पर्श) अपेक्षा इन्द्रिय रहित उत्पन्न होता है कारन द्रव्येन्द्रिय शरीरसे संबन्ध रखती है इसलिये द्रव्येन्द्रिय रहित और भावेन्द्रिय सहित उत्पन्न होता है ।

(प्र०) जीव गर्भमें उत्पन्न होता है वह क्या शरीर सहित या शरीर रहित उत्पन्न होता है ।

(उ०) औदारिक, वैक्रिय, आहरिककी अपेक्षा शरीर रहित उत्पन्न होता है कारन यह तीनो शरीर उत्पन्न होनेके बाद होते

हैं और तेजस कारमण शरीरापेक्षा शरीर सहित उत्पन्न होते हैं कारन कहे दोनो शरीर परभवमें साथ रहती हैं।

(प्र०) हे भगवान्! गर्भमें उत्पन्न होनेवाला जीव प्रथम काहेका आहार लेता है?

(उ०) माता के रौद्र और पिताके शुक्रका प्रथम आहार लेता है फिर उस जीवकी माता जिस प्रकारका आहार करती है उसके एक देशका आहार पुत्र भी करता है कारन माताकी नाडी और पुत्रकी नाड़ीसे संबन्ध है।

(प्र०) गर्भमें रहे हुवे जीवको लघु नीत, बड़ी नीत, क्षेत्र, श्लेष्म, वमन, पित है?

(उ०) उक्त बातें नहीं है। जो आहार करता है वह श्रोतेन्द्रिय, चक्षु० घ्राण० रस० स्पर्शेन्द्रिय, हाड़, हाड़की मींजी, केस, नख पने प्रणमता है कारन गर्भके जीवको कवलाहार नहीं है इसलिये लघु नीती, बड़ी नीती नहीं है रामाहार है, वह सर्व आहार करे सर्व प्रणमें सर्व उश्वासनिश्वासे इसी माफक बार बार यावत् निश्वासे।

(प्र०) जीवके माताका अंग कितना है और पिताका अंग कितना है।

(उ०) मांस, लोही और मस्तक यह तीनों अंग माताके है और अस्थि (हाड़), हाड़की मींजी, केश और नख यह तीन अंग पिताके है।

(प्र०) माता पिताका अंग (प्रथम समयका आहार) जीवोंके कितने काल तक रहता है।

(उ०) जहां तक जीवके भव धारणीय शरीर रहता है वहां तक मातापिताका अंस रहता है, परन्तु समय २ हीन होता जाता है यावत् न मरे जहां तक कुछ न कुछ माता पिताका अंस रहता ही है इस लिये माता पिताका कितना उपकार है कि जो जीवित है वह माता पिताका ही है वास्ते माता पिताका उपकार कभी न भूलना चाहिये ।

(प्र) गर्भमें मरा हुवा जीव नरकमें जा सक्ता है ?

(उ) कोई जीव नरकमें जावे कोई न भी जावे ।

(प्र) गर्भमें रहा हुवा जीव मरके नरकमें क्यों जाता है ?

(उ) संज्ञी पंचेन्द्री सम्पूर्ण पर्याप्तिको प्राप्त करके वीर्यलब्धी वैक्रिय लब्धी जिसको प्राप्त हुई है वह किसी समय गर्भमें रहा हुवा अपने पिता पर वैरी आया हुवा सुनके वैक्रिय लब्धीसे अपनी आत्माके प्रदेशोंको गर्भसे बाहर निकाले और वैक्रिय समुद्घात करके चार प्रकारकी सेना तयार कर वैरीसे संग्राम करे, और संग्राम करते हुवे आयुष्य पुर्ण करे तो वह जीव मरके नरकमें जाता है, कारन उस समय वह जीव राजका, धनका, कामका, भोगका, अर्थका अभिलाषी है इस वास्ते नरकमें जाता है (भागवती सुत्र श० २४ में कहा है कि तिर्यंच ज० अन्तर मुहर्तवाला और मनुष्य ज० प्रत्येक मासवाला नरकमें जा सक्ता है ।)

(प्र) गर्भमें रहा हुवा जीव मरके क्या देवतामें जा सक्ता है ?

(उ०) हां देवतामें भी जा सक्ता है ।

(प्र०) क्या करनेसे ?

(उ०) पूर्वोक्त संज्ञी पंचेन्द्री वैक्रिय लब्धीवाला तथा रूपके

श्रमण महानके समीप एक भी आर्य वचन श्रवण कर परम संवेगकी श्रद्धा और धर्म पर तिव्र परिणाम (तिव्व धम्माणु राग रत्ते) प्रेम होनेसे धर्म, पुन्य, स्वर्ग या मोक्षका अभिलाषी शुद्ध चित, मन, लेश्या अध्यवसायमें काल करे तो वह जीव गर्भमें रहा हुवा भी मरके देवलोकमें जा सक्ता है।

गर्भका जीव गर्भमें चित रहे पसवाड़े रहे या अधोमुख रहे। माता सुती, जागती सुखी दुःखीसे पुत्र भी सुता जागता सुखी दुःखीसे, पुत्र भी सुता जागता सुखी दुःखी होता है, गर्भ प्रसव मस्तकसे या पगसे होता है। जो पापी जीव होता है वह योनीद्वार पर तीरछा आनेसे मृतुको प्राप्त होता है। कदाचित निकाचित अशुभ कर्मके उदयसे जीता रहे तो दुःवर्ण, दुःगन्ध, दुःरस, दुःस्पर्श, अनिष्ट कांति, अमनोज्ञ, हीन दीन स्वर, यावत अनादेय वचनवाला जो कि उसका वचन सादर कोई भी न माने यावत महान् दुःखमें जीवन निर्गमन करनेवाला होता है अगर पूर्वे अशुभ कर्म नही बांधा नही पुष्ट किया हो अर्थात पूर्वे शुभ कर्म बान्धा हो वह जीव इष्ट प्रय वल्लभ अच्छे सुस्वर शब्दवाला यावत आदय वचन जो कि सर्व लोक सादर वचनको स्वीकार करे यावत् परम सुखमें अपना जीवन निर्गमन करनेवाला होता है। इसी वास्ते अच्छे सुकृत कार्य करनेकि शास्त्रकारोंने आवश्यका बतलाई है। कमसर जिनाज्ञाका आराधन कर अक्षय सुखकि प्राप्ति हो जाने पर फीर इस घोर संसारके अन्दर जन्म ही न लेना पड़े, गर्भमें न आना पड़े। इति। सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकड़ा नम्बर ९

सूत्र श्री भगवतीजी शतक ७ उद्देशा १

(आहाराधिकार)

अनाहारीक जीव च्यार प्रकारके होते है ? यथा-

(१) सिद्ध भगवान सदैव अनाहारीक है ।

(२) चौदवे गुणस्थान अन्तर महूर्त अनाहारीक है ।

(३) तेरवां गुणस्थान केवली समुद्घात करते तीन संयम अनाहारीक होते है ।

(४) परभव गमन करते वखत विग्रह गतिमें १-२-३ समय अनाहारीक रहेते है । इस थोकडेमें परभव गमन समय अनाहारीक रहेते है उसी अपेक्षासे प्रश्न करेंगे और इसी अपेक्षासे उत्तर देंगे ।

(प्र) हे भगवान ? जीव कोनसे समय अनाहारीक होते है ?

(उ) पहले समय स्यात् आहारीक स्यात् अनाहारीक दुसरे समय स्यात आहारीक स्यात् अनाहारीक । तीसरे समय स्यात् आहारीक स्यात् अनाहारीक। चोथे समय नियमा आहारीक होते है। भावाना । जीव एक गतिका त्यागकर दुसरी गतिको गमन करता है । शरीर त्याग समय यहांपर आहार (रोमाहार) कर परभव गमन समश्रेणी कर वहां जाके आहार कर लेता है वास्ते स्यात आहारीक है । अगर मृत्यु समय यहां पर आहार नहीं करता। दुवा समुद्घातकर परभव गमन समश्रेणि कर वहांपर पहले समय आहार किया हो। वह जीव स्यात् अनाहारी कहा जाता है । दुसरे समय स्यात आहा-रीक जो जीव एक समयकि विग्रह गति करी हो वह दुसरे समय उत्पन्न स्थान जाके आहार करता है वास्ते स्यात् आहारीक तथा

दो समयकि विग्रह करे तो स्यात् अनाहारीक होता है । तीसरे समय स्यात् आहारिक स्यात् अनाहारीक अगर कोइ जीव दुवंका श्रेणिकर तीसरे समय उत्पन्न स्थानको आहार लेवे तो स्यात् आहारीक है और त्रसनालीके बाहार लोकके अन्तके खुणासे मृत्यु प्राप्तकर प्रथम समय सम श्रेणि करे दुसरे समय त्रसनालिमें आवे तीसरे समय उर्ध्व दिशामें आवे अगर वहां ही उत्पन्न होना हो तो तीसरे समय आहारीक होता है और उर्ध्वलोककि स्थावर नालिमें उत्पन्न होनेवाला जीव तीसरे समय भी अनाहारी रहेता वह जीव चोथे समय नियमा आहारीक होता है । टीकाकारोंका कथन है कि अगर निचे लोकके चरमान्तसे जेसे जीव मृत्यु करता है इसी माफीक उर्ध्व लोकके चरमान्तके खुणेमें उत्पन्न होनेकि एसी श्रेणि नहीं है वास्ते शास्त्रकारोंका फरमान है कि चोथे समय नियमा आहारीक होता है । इति समुच्चय जीव ।

नारकी आदि १९ दंडक पहले दुसरे समय स्यात् आहारीक स्यात् अनाहारीक तीसरे समय नियमा आहारीक कारण त्रसनालिमें दोय समयकि विग्रह गति होती है और पांच स्थावरोंके पांच दंडकमें पहले दुसरे तीसरे समय स्यात् आहारीक स्यात् अनाहारिक चोथे समय नियमा आहारीक भावना पूर्ववत् समझना ।

(प्र) हे भगवान् । जीव सर्वसे स्वल्प आहारी कौन समय होते है ?

(उ) जीव उत्पन्न होने पहले समय तथा मरणके अन्त समय अल्प आहारी होते है । भावार्थ जीव उत्पन्न होते है उस समय तेजस और कारमान यह दोय शरीर द्वारा आहारके पुद्गल लेवते

है। सामग्री स्वल्प होनेसे स्वल्प पुद्गलोंका आहार लेते है और चरम समय उत्पातादि सामग्री शीतल होनेसे भी स्वल्प आहार लेते है इसी माफीक नरकादि चौवीस दंडक उत्पन्न समय तथा चरम समय स्वल्प आहारी होते है।

(प्र) हे भगवान्। लोकका क्या संस्थान है ?

(उ) अधोलोक तो पायाके संस्थान है। उर्ध्व लोक उभी मादलके संस्थान है तीर्यग लोक झालरीके संस्थान है। सम्पूर्ण लोक सुप्रतिष्ट अर्थात तीन सरावला (पासलीया)के आकार पहला एक सरावला ऊंधा रखे उसपर दुसरा सरावला सीधा रखे तीसरा सरावला उसपर ऊंधा रखे अर्थात लोक निचेसे विस्तारवाला है विचमें संकुचित उपरसे विस्तार (पांचमा देवलोक) उसके उपर और संकुचित है विस्तार देखो शीघ्रबोध भाग १२वां। इस लोककि व्याख्या जिन अरिहंत केवली सर्वज्ञ भगवान्ने करी है। जीवाजीव व्याप्त लोक द्रव्यास्ति नयापेक्षा सास्वत है पर्यायास्ति नयापेक्षा असास्वत है।

(प्र०) हे भगवान्! कोई श्रावक सामायिक कर सामायिकमें प्रवृति कर रहा है उस्को क्या इर्यावहि क्रिया लागे या संपराय क्रिया लागे ?

(उ०) सामायिक संयुक्त श्रावककों इर्यावहि क्रिया नहीं लागे किन्तु संपराय क्रिया लागे कारण क्रिया लगनेका कारण यह है।

(१) इर्यावही क्रिया केवल योगोंके प्रवृतिको लगती है जिन्होंके क्रोध मान माया लोभ मूलसे नष्ट हो गये है तथा उपशान्त हो गये है एसे जो वीतराग ११-१२-१३ गुणस्थान वृति जीवोंको इर्यावही क्रिया लगती है।

(२) संपराय क्रिया=कषाय और योगोंकि प्रवृतिसे लगति है। कषाय सद्भावे पहले गुणस्थानसे दशवें गुणस्थानवृत्ति जीवोंको संपराय क्रिया लगती है श्रावक है सो पांचवे गुणस्थान है वास्ते सामायिक कृत श्रावकों इर्यावही क्रिया नही लागे परन्तु संपराय क्रिया लगती है।

(प्र) हे भगवान् ! क्या कारण है।

(उ) सामायिक कीये हुवे श्रावक कि आत्मा अधिकरण अर्थात् क्रोधमानादि कर सयुक्त है वास्ते उस्कों संपराय क्रिया लगति है।

(प्र) किसी श्रावकने त्रस जीव मारनेका प्रत्याख्यान किया। और पृथ्व्यादि स्थावर जीवोंको मारनेका प्रत्याख्यान नहीं है। वह श्रावक गृहकार्यवसात पृथ्वीकाय खोदतों अगर कोई त्रस जीव मर जावे तों उस श्रावकों व्रतोंके अन्दर अतिचार लगता है ?

(उ०) उस श्रावकों अतिचार नहीं लगे कारण उस श्रावक का संकल्प पृथ्वीकाय खोदनेका था परन्तु त्रसकायकों मारनेका संकल्प नहीं था। हां त्रसकाय मर जानेसे त्रसकायका पाप आवश्य लगता है। परन्तु व्रतोंके अन्दर अतिचार नहीं लगते है, 'भावविशुद्धि' इसी माफीक वनस्पति छेदनेंका श्रावकको प्रत्याख्यान है और पृथ्व्यादि खोदतों वनास्पतिका मूलादि छेदाय जावे तों उस श्रावकके व्रतोंमे अतिचार नहीं है। भावना पूर्ववत्।

(प्र०) कोई श्रावक तथारूपके मुनिकों निर्जीव निर्दोष असनादि आहारका दान दे उस श्रावकको क्या ... है ?

(उ०) श्रावकके दीया हुवा आहारकी साहितासे उस मुनिकों जो समाधि मीली है वह ही समाधि आहारके देनेवाले श्रावकको मीलती है अर्थात् आहारकि साहितासे मुनि अपने आत्मध्यान ज्ञानके गुणोंकों प्राप्ती करते है वह ही आत्मध्यान ज्ञान श्रावककों भी मीलते है। कारण फासुक आहार देनेसे एकान्त निर्ज्जरा होना शास्त्रकारोंने कहा है।

(प्र०) कोई श्रावक मुनिकों निर्जीव निर्दोष असनादि आहार देता है तों वह श्रावक मुनिकों क्या दिया कहा जाता है?

(उ०) वह श्रावक मुनिकों आहार दीया उसे जीतव दीया कहा जाता है कारण औदारिक शरीरका जीतव आहारके आधार पर ही है और एसा आहार देना (सुपात्रदांन) महान् दुष्कर है एसा अवसर मीलना भी दुर्लभ है। वास्ते उस दातार श्रावककों सम्यग्दर्शनके साथ परम्परासे अक्षय पदकि प्राप्ती होती है। इति।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकडा नम्बर १०

सूत्र श्री भगवतीजी शतक ७ उदेशा १

(अकर्मीकों गति)

(प्र०) हे भगवान्! अकर्मीकों भी गति होती है?

(उ०) हां गौतम! अकर्मीकों गति होती है।

(प्र०) हे भगवान्! कीस कारणसे अकर्मीकों गति होती है?

(उ०) जेसे एक तूम्बा होता है उसका स्वभाव हलकापणा होनेसे पाणीपर तीरणेका है परन्तु उसपर मट्टीका लेपकर अतापमें

शुक्राके और मट्टीका लेप करे एसे आट मट्टीका लेप करदेनेसे वह तूम्बा गुरुत्वकों प्राप्त हो जाता है फीर उस तूंबेकों पाणीपर रख देनेसे वह तूंबा पाणीके अधोभाग अर्थात् रसतलको पहुंच जाता है वह तूंबा पाणीमे इधर उधर भटकनेसे किसी प्रकारके उपक्रम लगनेसे मट्टीके लेप उतर जानेसे स्वयं हो पाणीके उपर आजाता है इसी माफीक यह जीव स्वभावसे निर्लेप है परन्तु आठ कर्मोसे गुरुत्वकों प्राप्तकर संसाररूपी समुद्रमें परिभ्रमण करता है। कची सम्यग ज्ञानदर्शन चारित्ररूपी उपक्रमोंसे कर्म लेप दूर हो जानेसे निर्लेप हुवा तूंबा गति करता है इसी माफीक अकर्मी जीवकि भी गति होती है उस गतिकों शास्त्रकारोंने—

(१) "निस्संगयाए" कर्मोका संग रहित गति।

(२) "निरंगणयाए" कषायरूपी रंग रहित गति।

(३) "गइ परिणामेण" गति परिणाम अर्थात जीव कि स्वाभावे उर्ध्व जाने कि गति है। जेसे कारागृहसे छूटा हुवा मनुष्य अपना निजावसकों जानामें स्वाभावीक गति होती है इसी माफीक संसाररूपी कारागृहसे छूट जानेसे मोक्षरूपी निजावासमें जानेकि जीवकि स्वाभावीक गति है।

(४) "बन्ध छेदन गति" जेसे मूंग मट चावलादि कि फली पूर्वबन्धी हुई होती है उसको आताप लगनेसे स्वयं फाटके अलग होजाती है इसी माफीक तपश्चर्यरूपी आताप लगनेसे कर्म अलग होते है और जीव बन्धन छेदनगति कर मोक्षमे चला जाता है।

(५) "निरंधण गति" जेसे अग्नि इंधण न मीलनेसे शान्त हो जाती है एसे रागद्वेष तथा मोहनिय कर्मरूपी इंधणके आभावसे

कर्मरूपी अग्नि शान्त हो जाति है तथा इंघनके अन्दर अग्नि लगानेसे धूवा निकलके उर्ध्वगतिको गमन करता है एसे जीव कर्मरूपी अग्निको छोड उर्ध्व गति गमन करता है ।

(६) "पूर्व प्रयोगगति" जेसे तीरके बाणमे पेस्तार खुब वेग भर दीया हो उस वेगके जोरसे तीरसे छूटा हुवा बाण जाता है इसी माफीक पूर्व योगोंका वेग जेसे बाण जाता हुवा रहस्तेमें तीरका संग नही है केवल पूर्वके वेगसे ही चल रहा है इसी माफीक मोक्ष जाते हुवे जीवोंको योगों कि प्रेरणा नही है किन्तु पूर्व योगसे ही वह जीव सात राज उर्ध्व गतिकर मोक्षमे जाता है जेसे बाण मुद्रत स्थानपर स्थित हो जाता है इसी माफीक जीव भी मोक्षक्षेत्र तक जाके वहांपर सादि अनन्त भांगे स्थित हो जाता है इस वास्ते हे गौतम अकर्मी जीवोंको भी गति होती है ।

यह प्रश्न इस वास्ते पुच्छा गया है कि जीव अष्ट कर्मोका क्षय तों इस मृत्यु लोकमें ही कर देता है और विगर कर्मोके हलन चलन कि क्रिया हो नही सक्ती है तों फीर सातराज उर्ध्व मोक्ष क्षेत्र तक गति करते है वह किस प्रयोगसे करते है ? इसके उत्तरमें शास्त्रकारोंने छे प्रकारकि गतिका खुलासा किया है । इति

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम् ।

थोकडा नम्बर ११.

सूत्र श्री भगवतीजी शतक ७ उद्देशा १

(दुःखाधिकार)

(प्र०) हे भगवान् ! दुःखी है वह जीव दुःखको स्पर्श

करता है या अदुःखी है वह जीव दुःखकों स्पर्श करता है। अर्थात् दुःख है सो दुःखी जीवोंकों स्पर्श करता है या अदुःखी जीवोंकों स्पर्श करता है।

(उ०) दुःखी जीवोंकों दुःख स्पर्श करता है। किंतु अदुःखी जीवोंकों दुःख स्पर्श नहीं करता है। भावार्थ सिद्धोंको जीव अदुःखी है उनोंकों दुःख कभी स्पर्श नही करता है जो संसारी जीव जीस दुःखकों बांधा है वह अबाधा काल परिपक होनेसे उदयमें आया हो वह दुःख जीव दुःखकों स्पर्श करते है अगर दुःख बन्धा हुआ होनेपर भी उदयमें नहीं आया हो वह जीव अदुःखी है वह दुःखको स्पर्श नहीं करते है इस अपेक्षाकों सर्वत्र भावना करना।

(प्र०) हे भगवान्! दुःखी नैरिया दुःखकों स्पर्श करे या अदुःखी नैरिया दुःखको स्पर्श करे?

(उ०) दुःखी नैरिया दुःखकों स्पर्श परन्तु अदुःखी नैरिया दुःखकों स्पर्श नहीं करे भावना पूर्ववत उदय आये हुवे दुःखकों स्पर्श करे। उदय नही आये हुवे दुःखकों स्पर्श नहीं करे। तथा जो दुःख उदयमें आये है उस दुःखकि अपेक्षा दुःखकों स्पर्श नहीं करे और जो दुःख न बन्धा है न उदयमें आये है इसापेक्षा वह नारकि अदुःखी है और दुःखकों स्पर्श नहीं करते है एवं २४ दंडक समझना भावना सर्वत्र पूर्ववत समझना। इसी माफीक दुःख पर्याय अर्थात् निधनादि कर्म पर्याय एवं दुःखकि उदीरणा, एवं दुःखकों वेदणा एवं दुःखकि निर्जरा दुःखी होगा वह ही करेगा। समुच्चय जीव और चौवीस दंडक एवं २५ सूत्रपर पांच

पांच दंडक लगानेसे १२५ अलापक हुवे।

आगे मुनिके भिक्षाके दोषोंका अधिकार है वह शीघ्रबोध भाग चौथामें छप चुका है वहांसे देखे।

(प्र०) हे भगवान्! अगर कोई मुनि उद्योग सून्य अयत्नासे गमनागमन करे। वस्त्र पात्रादि उपकरणो ग्रहन करे या पीच्छा रखे उसकों क्या इर्यावही क्रिया लागे या संपराय क्रिया लागे?

(उ०) उक्त मुनियोंको इर्यावही क्रिया नहीं लागे, किन्तु संपराय क्रिया लगती है। कारण जिस मुनियोंका क्रोध मान माया लोभ नष्ट हो गये है। उस जीवोंकों इर्यावही क्रिया लगती है और जिस जीवोंका क्रोध मान माया लोभ क्षय नही हुवे है उस जीवोंकों संपराय क्रिया लगती है। तथा जो सूत्रमें लिखा है इसी माफीक चलनेवाले होते है उस मुनिकों इर्यावही क्रिया लगती है और सूत्रमें कहा माफीक नहीं चले उसकों संपराय क्रिया लगती है अर्थात् सूत्रमें कहा माफीक वीतराग हो वह ही चाल सक्के है इति।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्।

थोकडा नम्बर १२

सूत्र श्री भगवतीजी शतक ७ उद्देशा २

(प्रत्याख्यानाधिकार)

अन्य स्थलपर प्रत्याख्यान करनेके लिये मुनियोंके अनेक प्रकारके अभिग्रह और श्रावकोंके लिये ४९ भांग बतलाये है इसी भांगोंके ज्ञाता होनेसे हि शुद्ध प्रत्याख्यान करके पालन कर